Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

अधीर के बयान पर लोकसभा में हंगामा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को घुसपैठिया कहने पर भाजपा सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी से अपना बयान वापस लेने और बिना शर्त माफी मांगने की मांग की। सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी को भी माफी मांगनी चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ही घुसपैठिए हैं। समझा जाता है कि उन्होंने यह बात परोक्ष रूप से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के संदर्भ में कही। इस पर चौधरी ने कहा कि उनकी बात को समझे बिना तिल का ताड़ बनाया जा रहा है और उनकी नेता को घुसपैठिया कहना उचित नहीं हैं। शून्यकाल में भाजपा सासंद उदय प्रताप सिंह ने इस मुद्दे को उठाया और कांग्रेस नेता चौधरी से माफी मांगने की मांग की। उनके साथ सत्ता पक्ष के बाकी सदस्य भी सदन में खड़े होकर हंगामा करने लगे।

सीतारमण को 'निर्बला' बताया अधीर ने

नई दिल्ली, 2 दिसंबर (भाषा)।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधते हुए उन्हें 'निर्बला' करार दिया जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों खासकर वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि चौधरी को इसके लिए खेद प्रकट करना चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा में हर महिला 'सबला' है।

कार्पोरेट कर में कटौती से जुड़े संशोधन वाले 'कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2019' पर लोकसभा में चर्चा के दौरान चौधरी ने कहा कि वह वित्त मंत्री का सम्मान करते हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें रोका जा रहा है और ऐसे में उन्हें निर्मला नहीं, 'निर्बला' कहा जा सकता है।

दिल्ली सहित 35 शहरों की हवा हुई 'खराब'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह लगातार दूसरे दिन भी वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम, आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली की हवा में नमी का स्तर 85 फीसद रहा। ठंड व आर्द्रता बढ़ने के कारण प्रदूषण के कण तितर–बितर नहीं हो पा रहे हैं। इससे प्रदूषण का स्तर आगे और गिरने की आशंका है। देश के 102 मापे गए शहरों में से 35 शहरों की हवा खराब दर्ज की गई वहीं 326 एक्यूआइ के साथ पटना और 325 एक्यूआइ के साथ गाजियाबाद की हवा अब भी बहुत खराब दर्जे की बनी हुई है।

राजधानी में सर्द हवाओं का दौर जारी है। पहाड़ों से आई बर्फीली ठंड ने दिल्ली के पारे को और लुढ़का कर नौ से आठ डिग्री सेल्यिस पर ला दिया। यह इस मौसम के औसत न्यूनतम तापमान से एक डिग्री कम है।

PUBLIC NOTICE

My Client Anil Virmani S/o Late Sh. Madan Lal Virmani R/o Flat No. C-2/006, Printer Apartment, Sector-13, Rohini, Delhi-85 do hereby Disown/Debar his son Karan Virmani from all his movable & immovable properties & severe his relations from him as he is no more in his control. If anybody dealing with him shall be doing at his/her own risk & responsibility. My client shall not be responsible for pros & cons arise therefrom.

Gaurav Dhameja (Advocate)
RU-5, Pitampura, Delhi-34

PUBLIC NOTICE

General public hereby informed that notice given to all concerned that my clients Shri Suresh, S/O Sh. Ayodya Prasad & Smt. Malti Devi W/O Shri Suresh are R/O House No. 18, Ranholla Vihar, Nangloi, West Delhi- 41 are disown/debarred their son Satyajeet Verma and Daughter-in-law Jyoti Soni from all the movable and immovable properties and blood/social relation forever, because they are out of control from my clients clutches and their disobedient. Any person whosoever deal with him shall do at his/her / their own risks cost and responsibility.

Sd/-
R.K. Padhi (Adv.)
Ch. No. 1116, Rohini Court Complex, Delhi- 85

मप्र में बलात्कार के बाद बच्ची की हत्या : महू शहर में रविवार की रात बलात्कार के बाद एक बच्ची की हत्या किए जाने का कथित मामला सामने आया है। महू पुलिस थाना प्रभारी अभय नेमा ने सोमवार को बताया, बच्ची का कुछ अज्ञात लोगों ने बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी। **महू, (भाषा)।**

बहुविवाह, निकाह हलाला के खिलाफ याचिका पर जनवरी में सुनवाई

नई दिल्ली, 2 दिसंबर (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मुसलिम समुदाय में प्रचलित बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथाओं को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्दियों की छुट्टियों के बाद जनवरी, 2020 में सुनवाई की जाएगी।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ के समक्ष अधिवक्ता और भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने इस मामले का उल्लेख करते हुए इस पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि इस पर तत्काल सुनवाई नहीं की जा सकती और इसे सर्दियों के अवकाश के बाद जनवरी, 2020 में सूचीबद्ध किया जाएगा।

The Indian EXPRESS Classifieds
FROM ANYTHING TO EVERYTHING
EXPRESS EDUCATION

ANTHRO
Last Batch Before Prelims
Starting Dec 23 & Jan 10
Admissions on Dec 5
For details visit www.vaidsics.com
VAID'S ICS, DELHI
Ph: 0-9311337737, 0-9999946748

SSC BANK CPO CDS NDA
ENGLISH (ANKUL SIR)
SSC CGL / CPO PRE + MAINS
At Mukherjee Nagar, Delhi
New Batch Starts 9th Dec.
2 DEMO CLASSES
Timing 1:30 PM to 3:00 PM
CLASSIC CLASSES™
9911191959, 9891991959 YouTube Ankulsir
M-2/A-29,30, Jaina House, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi

Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

विधानसभा में शीतकालीन सत्र का पहला दिन

दूषित पानी के मुद्दे पर विपक्ष का बहिर्गमन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

दिल्ली विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को शहर में दूषित पानी की आपूर्ति के मुद्दे को लेकर विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और अन्य भाजपा विधायकों ने बहिर्गमन किया। उन्होंने इस विषय पर सदन में चर्चा कराने की मांग की थी, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने अस्वीकार कर दिया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही गुप्ता और अन्य तीन भाजपा विधायकों मनजिंदर सिंह सिरसा, ओम प्रकाश शर्मा और जगदीश प्रधान ने राजधानी में दूषित पानी की आपूर्ति का मामला उठाते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी। भाजपा के विधायक बोतलों में भरकर वह दूषित पानी भी लाए थे, जिसकी कथित तौर पर शहर में आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने वे बोतलें सदन में दिखाईं। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि सदन में चर्चा के लिए कई मुद्दे सूचीबद्ध हैं और वक्त की कमी है, इसलिए इस विषय पर वह चर्चा की इजाजत नहीं देंगे। उनके इस फैसले के बाद सभी चार विधायकों ने विरोध जताने के लिए सदन से बहिर्गमन किया।

विधानसभा अध्यक्ष द्वारा मुद्दे पर चर्चा कराने की अनुमति न देने पर नाराजगी

बाद में विपक्ष के नेता गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा–दिल्ली में दूषित जल की आपूर्ति पर हम सदन में चर्चा कराना चाहते थे। चर्चा के लिए हमने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और कार्यस्थगन प्रस्ताव भी दिया। लेकिन विपक्ष की मांग पर विधानसभा अध्यक्ष गोयल ने कहा कि वह सूचीबद्ध विषयों से इतर विषयों पर चर्चा की इजाजत नहीं देंगे।

गुप्ता ने कहा कि शहर में जिस पानी की आपूर्ति हो रही है, वह भारतीय मानक ब्यूरो की गुणवत्ता जांचों में खरा नहीं उतरा है। इसके बावजूद विपक्ष को यह मुद्दा नहीं उठाने दिया जा रहा। पिछले दिनों भारतीय मानक ब्यूरो ने राजधानी में अलग–अलग स्थानों पर पानी के नमूनों की जांच की थी और कहा था कि गुणवत्ता के मानकों पर ये सारे नमूने फेल हो गए।

भाजपा का आरोप, जनता दूषित पानी पीने को मजबूर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

दिल्ली भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को दूषित पानी की आपूर्ति के खिलाफ चंदगी राम अखाड़ा के पास दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा का आरोप था कि दिल्ली में दूषित पानी की आपूर्ति होने की वजह से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। दिल्ली प्रदेश प्रभारी श्याम जाजू ने कहा कि बीते 57 महीने के अपने कार्यकाल में आम आदमी पार्टी के नेताओं और मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगे। हवा तो दिल्ली की जहरीली हो ही गई थी, लेकिन दिल्ली का पानी उससे भी अधिक जांच में जहरीला निकला है। बीआइएस की रिपोर्ट में सभी मानकों पर फेल हुआ है। जल बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पानी में मिले जहर को पीने के लिए जनता फिर भी विवश है ऐसे मुख्यमंत्री को सत्ता में बनें रहने का कोई अधिकार नहीं है।

खेल विश्वविद्यालय विधेयक पारित

विधानसभा में सोमवार को खेल विश्वविद्यालय विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इसका मकसद ओलंपिक में चीन के मुकाबले ज्यादा पदक जीतना है। केजरीवाल ने यह दावा भी किया कि यह विश्वविद्यालय सभी खेलों के लिए 'मक्का' साबित होगा।इस विधेयक पर हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि नेताओं एवं नौकरशाहों के पास प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय के कामकाज में करने के लिए कुछ नहीं होगा और इसे प्रोफेशनल चलाएंगे।

महिला सुरक्षा पर मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री से मदद मांगी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मदद मांगी। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर दिल्ली विधानसभा में चर्चा के दौरान केजरीवाल ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से कहा कि वह देखें कि क्या महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के बारे में छात्रों को संवेदनशील बनाने के लिए स्कूलों में पाठ्यक्रम लाए जाने की आवश्कता है। केजरीवाल ने शाह से कहा कि हमें आपके सहयोग और मदद की आवश्यकता है।

शिवालिक मर्केन्टाइल को–ऑपरेटिव बैंक लि.

पंजी. कार्यालयः 13/1207, अंसारी रोड, सहारनपुर – 247001 (उ.प्र.)
प्रधान कार्यालयः 2रा तल, 5 ए एवं 5 बी, फ्यूजन स्ववॉयर,सेक्टर 126, नोएडा
शाखा कार्यालयः रामबाग रोड, गंगोह– 247341

नीलामी सह बिक्री के लिये सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारको/गारन्टरों को सूचित किया जाता है कि शिवालिक मर्केन्टाइल को–ऑपरेटिव बैंक लि. के पास गिरवी रखी गई नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जिसका भौतिक एवं सांकेतिक कब्जा शिवालिक मर्केन्टाइल को–ऑपरेटिव बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किया गया है की, नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार 9.1.2020 के ''जैसा है जहाँ है'', ''जो भी जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी वहाँ है'' आधार पर बिक्री की जायेगी।

ऋणधारक (कों)/मार्टगैजर(रों)/गारन्टर(रों) का नाम	मांग सूचना तिथि तथा राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी)	अचल सम्पत्तियों का निरीक्षण की तिथि
1. श्री अमरीश कुमार, पुत्र रघुवीर सिंह (ऋणधारक/मार्टगैजर) 2. श्रीमती सुमनरानी, पत्नी अमरीश कुमार (गारन्टर), दोनोः निवासीः मोह. गुलाम औलिया, गंगोह, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश (ऋण खाता नं. 209700050200)	5 अक्टूबर, 2015 रु. 9,14,993.21 (रुपये नौ लाख चौदह हजार नौ सौ तिड़ानवे एवं पैसे इक्कीस मात्र)	अधोलिखित पते पर अचल सम्पत्तियों का सभी भाग तथा हिस्सा व्यावसायिक सम्पत्ति, शॉप नं. 11,12,13 एवं 14. निर्मित, मोह. अशरफ अली, गंगोह,तलसील नुकाड, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में। भूमि का क्षेत्रफलः 39.11 वर्ग गज	रु. 800000/– (रुपयेआठ लाख मात्र)	बोली राशि का 10% अर्थात् रु 80000/– (रुपये अस्सी हजार मात्र)	10.12.2019 1100 बजे– 1500 बजे **नीलामी की तिथि/समय** 9.1.2020 को 1100 बजे से 1300 बजे

ईएमडी/प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः 03.1.2020 को 5.00 बजे अप. तक

बिक्री के महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तें

1. सम्पत्ति/दस्तावेजों का निरीक्षण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के पास उपरोक्त तिथि एवं समय में किया जा सकता है।
2. बिक्री से सभी सामान्य नियमों एवं शर्तों से शामिल बोली दस्तावेज/ प्रपत्र प्राधिकृत अधिकारी से यहाँ ऊपर वर्णित बैंक की शाखा में किसी भी कार्य दिवस को कार्यावधि के दौरान प्राप्त की जा सकती है।
3. बोलियां मुहरबंद लिफाफे जिसके ऊपर मोह. अशरफ अली, गंगोह, तहसील नुकाड़, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में व्यावसायिक सम्पत्ति, शॉप नं 11,12,13 एवं 14 निर्मित की नीलामी के लिये बोली उल्लिखित हो, में ''शिवालिक मर्केन्टाइल को–ऑपरेटिव बैंक लि.'' के पक्ष मे देय, सहारनपुर में भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट द्वारा ईएमडी (बोली राशि के 10%) के साथ बैंक की ऊपर वर्णित शासा में 3.1.2020 के 5. बजे अप. तक जमा की जा सकती है। विविधत रूप से नहीं भरी गई तथा अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त बोलियों को अवैध बोली माना जायेगा एवं तदनुसार निरस्त कर दिया जायेगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। बोलीदाता द्वारा एक बार बोली जमा कर देने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता है।
4. मुहरबंद बोलियों को 9.1.2020 को 11.00 बजे – 13.00 बजे तक सम्पत्ति के लिये 9.1.2020 को 14.00 बजे – 16.00 बजे में बैंक की उपरोक्त शाखा में इस समय उपस्थित रहने के इच्छुक बोलीदाताओं के समक्ष खोला जायेगा तथा प्राधिकृत अधिकारी की स्वेच्छा पर योग्य बोलीदाता को प्रस्ताव मूल्य बढ़ाने के लिये इन्टर–से बोली में भाग लेने का अवसर दिया जायेगा।
5. जमा की गई बोली मूल्य आरक्षित मूल्य से ऊपर होगा तथा बोलीदाता रु 50,000/– के गुणक में अपनी बोली में सुधार कर सकते हैं। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से कम में सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी।
6. सफल बोलीदाता को तत्काल या अधिकतम अगले कार्य दिवस तक शिवालिक मर्केन्टाइल को–ऑपरेटिव बैंक लि. के पक्ष में देय तथा सहारनपुर में भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट द्वारा 25% बिक्री मूल्य (ईएमडी सहित) का भुगतान करना होगा तथा शेष बिक्री मूल्य का भुगतान सफल बोलीदाता द्वारा बैंक द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर किया जायेगी। इच्छुक बोलीदाता द्वारा प्रदत्त ईएमडी तथा बिक्री मूल्य पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगी, ईएमडी अथवा 25% राशि का भुगतान, जैसा भी मामला हो बैंक द्वारा जब्त कर ली जायेगी, यदि सफल बोलीदाता बिक्री की शर्तों का अनुपालन करने में विफल होते हैं अथवा कोई चूक करते हैं।
7. बिक्री की शर्तों के अनुपालन पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उच्चतम बोलीदाता के पक्ष में ''बिक्री प्रमाणपत्र'' जारी किया जायेगा। स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण चार्जेज, कान्वीयन्यस, टीडीएस आदि से संबंधित सभी खर्चें का वहन क्रेता को ही करना होगा।
8. यह बैंक प्रस्तावित सम्पत्ति के संदर्भ में किसी प्राधिकरण से अथवा प्रचलित किसी भी कानून के अंतर्गत स्वीकृत/एनओसी प्राप्त करने अथवा अन्य कोई बकाया देयताओं जैसे बकाया पानी/बिजली शुल्क, सम्पत्ति कर अथवा अन्य चार्जेज, यदि कोई हो के लिये कोई उत्तरदायी नहीं लेता है।
9. सफल बोलीदाता को किसी विकास प्राधिकरण के लम्बित बकाये, यदि कोई हो/करों/नगर निगम अथवा अन्य किसी प्राधिकरण/एजेन्सी के उपयोगिता बिलों तथा स्टाम्प शुल्क/बिक्री प्रमाण पत्र के पंजीकरण के लिये पंजीकरण शुल्क आदि सहित सभी खर्चें का वहन करना होगा।
10. प्राधिकृकृत अधिकारी को बिना कारण बताये किसी या सभी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार या निरस्त करने अथवा बिक्री को स्थगित/ रद्द करने या बिना किसी पूर्व सूचना के बिक्री की किसी भी शर्तों को संशोधित करने का सम्प्रभू अधिकार प्राप्त है। अचल सम्पत्ति की बिक्री उच्चतम बोलीदाता को की जायेगी।
11. सर्वश्रेष्ठ ज्ञान एवं जानकारी में बैंक को बैंक को छोड़कर बेची जा रहीं संपत्ति पर किसी प्रकार के अधिभारों की जानकारी नहीं है। लेकिन, इच्छुक बोलीदाता अपनी सन्तुष्टि के लिसे संपत्ति की स्वयं गणना कर लें। यह कंपनी उपरोक्त संपत्ति के फिटनेस से संदर्भ में कोई गारंटी नहीं देती है अथवा कोई प्रतिनिधित्व नहीं करती है। अन्य किसी भी जानकारी के लिसे प्राधिकृत अधिकारी उक्त संपत्ति के संदर्भ में सरकार अथवा किसी अन्य किसी व्यक्ति के प्रति किसी चार्ज, लिएन, अधिभारों, संपत्ति कर अथवा अन्य किसी बकाय के लिये उत्तरदायी नहीं होंगे। एतद्द्वारा ऋणधारकों (कों)/मार्टगैजर (रों) को सूचित किया जाता है कि बिक्री के समय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें तथा वे बिक्री के नियमों एवं शर्तों के अनुसार यहां उपरोक्त अचल संपत्ति की खरीद के लिए इच्छुक क्रेता/खरीदार को प्रस्तुत कर सकते हैं।
12. अचल संपत्ति की बिक्री उच्चतम बोलीदाता को की जायेगी। लेकिन, अधोहस्ताक्षरी यदि आवश्यक समझें अपनी सम्प्रभू इच्छा से इंटर–से बिडिंग की अनुमति दे सकते हैं।
13. बैंक ऐसी किसी भी देयता की जो सम्पत्ति पर देय हो, के लिये उत्तरदायी नहीं है जो बैंक की जानकारी में नहीं है।
14. सरफैसी अधिनियम के नियम 6(2), 8(6), एवं 9(1) के अंतर्गत एतद्द्वारा ऋणधारकों/मोर्टगैजरों/गारन्टरों को 30 दिनों की सांविधिक सूचना दी जाती है कि वे इस सूचना की तिथि से पन्द्रह दिनों के भीतर अद्यतन ब्याज तथा खर्चें के साथ उपरोक्त सम्पूर्ण राशिक का भुगतान कर अपनी देयताओं को निष्पादित करें अथवा उपरोक्त नियमों एवं शर्तों के अनुसार सम्पत्ति की बिक्री कर दी जायेगी। यदि अंग्रेजी तथा क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र के प्रकाशनों के बीच कोई असमानता होती है तो अंग्रैजी समाचार–पत्र को क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र पर तरजीह दी जाएगी तथा विसंगति दूर करने के लिये उसे निर्णायक कॉपी माना जाएगा। यदि बिक्री की तिथि से पूर्व ऋणधारक/गारन्टर कंपनी की बकाया देयता का भुगतान कर देते हैं तो नीलामी रोक दी जाएगी। लेकिन, ऐसे मामले में सूचना में बकाया राशि पर ऋण दस्तावेजों के अनुसार आगे के ब्याज तथा लागू होने वाले चार्जेज एवं उसकी वसूली तक बकाया तथा देय अनुषांगिक खर्चें, लागतों आदि की वसूली की जायेगी, अधिक विवरणों के लिये प्राधिकृत अधिकारी श्री गौरव जैन, सम्पर्क नं. 9927148885 से बैंक के उपरोक्त शाखा कार्यालय में सम्पर्क करें।

हस्ता./
स्थानः गंगोह तिथिः 03.12.2019 प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक मर्केन्टाइल को–ऑपरेटिव बैंक लि.

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

शाखा कार्यालयः डीपी–4 स्थानीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पीतमपुरा, ब्लॉक, दिल्ली–110088
फोन नं. 011-27317519 ईमेलः bo1710@pnb.co.in

कब्जा सूचना

नियम–8 (1) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के **अन्तर्गत**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम 2002 (2002 का नं. 3) के प्रवर्तन के अधीन **पंजाब नेशनल बैंक**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार

मैसर्स कुक्कू एग्रो इंक, 4047, द्वितीय तल, नया बाजार, दिल्ली–110006 पर और निम्नलिखित कर्जदार/गारंटर्स 1. मैसर्स कुक्कू एग्रोइनक, उधारकर्ता 4047, द्वितीय तल, नया बाजार, दिल्ली –110006, 2. श्री अरुण कुमार गोयल पुत्र श्री शांति प्रकाश गोयल, पार्टनर/गारंटर जी–12, जवाहर नगर, कमला नगर, दिल्ली–110007, 3. श्रीमती हेमा अग्रवाल पत्नी श्री पवन कुमार अग्रवाल पार्टनर/बंधककर्ता/गारंटर, 213, भूतल, कल्याण विहार, दिल्ली–110009, 4. श्री चिराग गोयल पुत्र अरुण कुमार गोयल पार्टनर/गारंटर जी–12, जवाहर नगर, कमला नगर, दिल्ली–110007 (कर्जदार और गारंटर को संयुक्त रूप से कर्जदार कहा गया है) को एक मांग नोटिस दिनांक 20.09.2019 को जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि **रू 1,37,50,371.24 (रु. एक करोड सैतीस लाख पचास हजार तीन सौ इकहत्तर और पैसे चौबीस मात्र) दिनांक 30.07.2019 तक और दिनांक 01.07.2019 से अदायगी की तिथि तक उपरोक्त राशि पर संविदात्मक दर पर ब्याज, आकस्मिक खर्च, लागत, प्रभार इत्यादि सहित** उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **27.11.2019** को लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **पंजाब नेशनल बैंक, के प्रभार वास्ते राशि 1,37,50,371.24 (रु. एक करोड सैतीस लाख पचास हजार तीन सौ इकहत्तर और पैसे चौबीस मात्र) दिनांक 30.07.2019 तक और दिनांक 01.07.2019 से अदायगी की तिथि तक उपरोक्त राशि पर संविदात्मक दर पर ब्याज, आकस्मिक खर्च, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

कर्जदारों का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के संशोधित प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है जिसके अंतर्गत सार्वजनिक नीलामी द्वारा, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा, निजी संधि द्वारा प्रतिभूत परिसम्पतियों की बिक्री के लिये सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही आप बैंक द्वारा वहन की गई सभी लागतों, चार्जेज तथा खर्चें के साथ अपनी सम्पूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर सकते है। कृप्या ध्यान रहे कि यदि आप सार्वजनिक सूचना द्वारा, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा निजी संधि द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये बैंक द्वारा वहन की गई सभी लागतों, चार्जेज तथा खर्चें के साथ अपनी सम्पूर्ण बकाया राशि का भुगतान नहीं करते है तो आप प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विभोचित करने के लिये अधिकृत नहीं होंगे।

अचल सम्पत्ति का विवरण

फ्लैट नं. 213 भूतल, प्लिथ एरिया 1024 वर्ग फीट, प्लॉट क्षेत्रफल 151.66 वर्ग गज, कल्याण विहार (कल्याण कॉप हाउस बिल्डिंग सोसायटी लि.) दिल्ली – 110009 में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती हेमा अग्रवाल पत्नी श्री पवन कुमार अग्रवाल के नाम पर है। चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. 212, दक्षिण में – प्लॉट नं. 214, पूरब में – सर्विस लेन, पश्चिम में – 45 फीट रोड

दिनांक : 27.11.2019, स्थान : दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

प्रवासी अपनी संस्कृति ना भूलें : आजाद

नई दिल्ली। विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का आयोजन किराड़ी में किया गया। इससे पूर्व ऐसा ही कार्यक्रम बदरपुर, जैतपुर में आयोजित किया गया था। इस मौके पर दिल्ली कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष कीर्ति ने कहा कि आप अपनी भाषा और संस्कृति को कभी न भूलें। (जसं)

NOTICE REGARDING LOST CERTIFICATE(S) OF THE WATERBASE LIMITED

Registered Office: Ananthapuram Village, T.P Gudur Mandal Nellore, Andhra Pradesh-524344., PH: +91-9100018037, E-Mail: infowaterbaseindia.com Website: www.waterbaseindia.com, CIN: L05005AP1987PLC018436

M/s Marathon Money Market Ltd having registered office at 183, Cariappa Marg Sainik Farms New Delhi-110062 The registered holder of the under mention shares held in the above company give notice that the share certificate(s) in respect of the said shares have been lost and we have applied to the Company for issue of duplicate certificate(s). Any person having claim in respect of the said shares should lodge such claim with the company at its above referred address within 15 days from this date else the Company Will proceed to issue duplicate certificate(s)and no further claim will be entertained by the Company thereafter.

Folio No.	Certificate No.	Distinctive Nos	No. of shares
67577	98193	20404201-20404300	100

Place: New Delhi
Date : 01.12.2019
Sd/-
Marathon Money Market Ltd

पी.के. सैल्स कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में)

परिसमापक का पताः 202, वर्धमान प्रीमियम माल, दीपाली चौक, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034
सम्पर्कः 9310278000 एवं 9810378000, ईमेल आईडीः liquidator.pksalescompany@gmail.com

ई–नीलामी बिक्री सूचना

दिवाला एवं दिवालिया संहिता 2016 तथा उसके अंतर्गत विनियमन के अंतर्गत एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्तियों की वेबसाईट http://ncltauction.auctiontiger.in के माध्यम से सेवा प्रदाता मै. ई–प्रॉक्योरमेन्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (Auction Tiger) द्वारा ई–नीलामी द्वारा बिक्री की जायेगी।

नीलामी की तिथि एवं समय	मंगलवार, 30.12.2019 को 12.00 बजे अप. से 1.00 बजे अप.
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	27.12.2019 को 5.00 बजे सायं से पूर्व
निरीक्षण की तिथि एवं समय	5.12.2019 एवं 25.12.2019 को 12 बजे अप. से 5.00 बजे सायं तक। निरीक्षण के लिये सम्पर्क किये जाने वाले व्यक्ति का नाम श्री राकेश भाटिया, सम्पर्क नं. 931027800, 9810378000 है।

लॉट नं.	विवरण	आरक्षित मूल्य (लाखों में)	ईएमडी (रु.) (लाखों में)
1.	सम्पत्ति का पताः जी 30 मंगलम पैराडाइज, प्लॉट नं. 8 मंगलम प्लेस, सेक्टर–3, रोहिणी, नई दिल्ली–110085, भू तल, कार्नर (सुपर एरियाः 2962 वर्ग फीट)	790.00	79.00

ईएमडी (अप्रतिदेय) का भुगतान 27.12.2019 को या उससे पूर्व ''पी के सैल्स कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में)'' की खाता, खाता नं. 5422000100135101 तथा आईएफएससी कोड KARB0000542 में एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा इच्छुक बोलीदाता को करना होगा। ई–नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये https://ncltauction.auctiontiger.net पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें। ई–नीलामी से संबंधित किसी भी जिज्ञासा के लिये श्री तिलक मराठा (एमः 6351896834), tilak@auctiontiger.net या परिसमापक से उनके ई–मेल liquidator.pksalescompany@gmail.com पर सम्पर्क करें।

हस्ता./–
राकेश भाटिया
स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 03.12.2019
मै. पी के सैल्स कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में) के परिसमापक
आईपी पंजी. सं. IBBI/IPA-001/IP-P00978/2017-18/11608

ड्रीमलैण्ड रिएलटर प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापनाधीन)

परिसमापक का पता : 202, वर्धमान प्रीमियम मॉल, दीपाली चौक, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034.
सम्पर्क : +91–9310278000 एवं 9810378000 ई–मेल आईडी : liquidator.dlrpl@gmail.com

ई–नीलामी विक्रय सूचना

ऋणशोध अक्षमता तथा दिवालिया संहिता, 2016 एवं उसके तहत विनियमों के अधीन जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्ति का विक्रय वेबसाइट https://ncltauction.auctiontiger.net के माध्यम से सेवा प्रदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से ई–नीलामी द्वारा किया जायेगा।

नीलामी की तिथि एवं समय	मंगलवार, 31.12.2019 को 01.00 बजे अपराह्न से 02.00 बजे अपराह्न के बीच
ईएमडी जमा करने करने की अन्तिम तिथि	27.12.2019 को 05.00 बजे अपराह्न से पूर्व
निरीक्षण की तिथि तथा समय	05.12.2019 से 25.12.2019 तक 12.00 बजे अपराह्न से 05.00 बजे अपराह्न के बीच। निरीक्षण हेतु सम्पर्क किया जाने वाला व्यक्ति है श्री राकेश भाटिया, सम्पर्क नं. 9810378000, 9310278000

लॉट सं.	विवरण	आरक्षित मूल्य (लाख में)	ज.ध.रा. (रु.) (लाख में)
1	सम्पत्ति का पता : कार्यालय सं. 103–107 एफएफ मंगलम पैराडाइज, प्लॉट सं. 8, मंगलम प्लेस, सेक्टर 3, रोहिणी, नई दिल्ली–110085 (एकल इकाई) (सुपर एरिया 1810 वर्ग फीट)	210.00	21.00
2	सम्पत्ति का पता : कार्यालय सं. 103–104 एफएफ मंगलम पैराडाइज, प्लॉट सं. 8, मंगलम प्लेस, सेक्टर 3, नई दिल्ली–110085 का खण्ड (सुपर एरिया 724 वर्ग फीट)	88.00	8.80
3	सम्पत्ति का पता : कार्यालय सं. 105–106 एफएफ मंगलम पैराडाइज, प्लॉट सं. 8, मंगलम प्लेस, सेक्टर 3, नई दिल्ली–110085 का खण्ड (सुपर एरिया 724 वर्ग फीट)	88.00	8.80
4	सम्पत्ति का पता : कार्यालय सं. 107 एफएफ मंगलम पैराडाइज, प्लॉट सं. 8, मंगलम प्लेस, सेक्टर 3, नई दिल्ली–110085 का खण्ड (सुपर एरिया 362 वर्ग फीट)	44.00	4.40

इच्छुक संविदाकारों द्वारा ईएमडी (प्रतिदेय) ''ड्रीमलैण्ड रिएलटर प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापनाधीन)'' के खाते में जिसका खाता सं. 5422000100135201 और आईएफएससी कोड KARB0000542 है, 27.12.2019 को या इससे पूर्व एनईएफटी/आरटीजीएस के रूप में जमा करना होगा। ई–नीलामी विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए https://ncltauction.auctiontiger.net पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें। ई–नीलामी से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिए सम्पर्क करें : श्री तिलक मराठा (मो. : 6351896834) से tilak@auctiontiger.net पर अथवा परिसमापक से उसके ई–मेल liquidator.dlrpl@gmail.com पर सम्पर्क करें।

ह./–
राकेश भाटिया
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 03.12.2019
मैसर्स ड्रीमलैण्ड रिएलटर प्राइवेट लिमिटेड के परिसमापक (परिसमापनाधीन)
आईपी पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-001/IP-P00978/2017-18/11608

SRM INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY (Deemed to be University u/s 3 of UGC Act, 1956)
www.srmist.edu.in
KATTANKULATHUR | RAMAPURAM
VADAPALANI | DELHI - NCR, GHAZIABAD

SRM UNIVERSITY DELHI-NCR, SONEPAT
www.srmuniversity.ac.in
DELHI-NCR SONEPAT, HARYANA

SRM UNIVERSITY Sikkim
www.srmus.ac.in
GANGTOK, SIKKIM

SRM UNIVERSITY AP Andhra Pradesh
www.srmap.edu.in
AMARAVATI, AP

LAUNCH INTO A BRIGHT FUTURE

SRMJEEE 2020
SRM Joint Entrance Examination - B.Tech Admissions Open
12th April - 20th April 2020 [Computer based test]
To apply online and other details visit www.srmist.edu.in
For eligibility and fee details, visit the respective websites
Top 3000 SRMJEEE rank holders will get scholarship
LAST DATE FOR SUBMITTING ONLINE APPLICATION: 30th MARCH 2020
ONLINE APPLICATION FEE: ₹1100/-

LEAD WITH SRMIST
Multicultural Learning Environment
Students from all States of India
International Students from 64 Countries
165+ MOUs with 33 countries
300+ students from SRM go to our Semester Abroad Programme (SAP) every year
SRM Innovation & Incubation Centre (SIIC) funded by National Science and Technology Entrepreneurship Development, DST, Govt. of India
2 years + 2 years transfer programmes with our global partners

Admissions Helpline: 044 2745 5510 ; 044 4743 7500
Email: admissions.india@srmist.edu.in
SRM University Sikkim offers only Science and Humanities
SRMUniversityOfficial SRM_Univ srmuniversityofficial SRM IST Chennai

NUMBERS SPEAK FOR THEMSELVES
7301 offers
1671 Super Dream & Dream offers
The success story of SRM 2020 batch placement continues...
• TCS, Infosys, Cognizant & Wipro make the highest number of offers Pan India
• IDEAL (Interdisciplinary Experiential Active Learning) equips you with Dual Specialisation • World-class faculty and Infrastructure • International Exposure
IDEAL INTER DISCIPLINARY EXPERIENTIAL ACTIVE LEARNING
NATIONAL RECOGNITION - SRMIST
• NAAC "A++" grade • Category I University by UGC
• Ranked 32nd under University Category by NIRF • 12B status by UGC
• ARIIA Ranked Third under the Category of Private or Self financed Institutions
GLOBAL RECOGNITION - SRMIST
QS STARS RATED FOR EXCELLENCE
Quacquarelli Symonds (QS) also awarded SRM 5 stars for Teaching, Employability and Inclusiveness
• QS I-GUAGE Diamond rated Institute
Offline application forms can be obtained:
• From the designated branches of Post Offices on cash payment of ₹1100 (list available on website)
• From SRM campuses by handing over a DD for ₹1100 in favour of SRMIST payable at Chennai

www.readwhere.com

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	23.3 डि.से.	23.3 डि.से.	23.0 डि.से.	23.5 डि.से.
न्यूनतम	8.0 डि.से.	8.0 डि.से.	8.0 डि.से.	8.0 डि.से.

कोहरा हुआ तो रात में नहीं चलेंगी यूपी रोडवेज बसें

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 दिसंबर।

- यात्रियों को डिपो पर ठहराकर अगली सुबह बस से रवाना किया जाएगा
- खतरे के चलते परिवहन मुख्यालय ने जारी किए दिशानिर्देश

कोहरे का खतरा बढ़ने लगा है। पिछले साल कोहरे की वजह से एक्सप्रेस-वे पर हुए दर्दनाक हादसों के चलते परिवहन निगम ने रोडवेज बसों के सफर को सुरक्षित बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। कोहरे के दौरान बसों के संचालन पर निगरानी रखने के लिए रात्रि सेवा सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाएगी, जो कोहरे को देखते हुए बस को रवाना करने या नहीं करने का निर्णय लेगा। यात्रियों को डिपो में ठहराने का प्रबंध सुपरवाइज स्तर से किया जाएगा।

परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इस बार रूट के चालक को रास्ते में पड़ने वाले ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, मार्ग बदलाव (डायवर्जन) आदि के बारे में पहले से जानकारी दी जाएगी। चालक को तभी बस का संचालन दिया जाएगा, जब उसके पास अपने रूट की पूरी जानकारी होगी। खासतौर पर रात्रि सेवा के चालकों के लिए इसे अनिवार्य किया गया है। कोहरे के दौरान रात्रि सेवा में सुपरवाइजर को तैनात कर स्थिति को देखते हुए बस को रवाना करने या रोकने का फैसला लिया जाएगा। यदि कोहरा अधिक हुआ या आगे होने आशंका होगी, तो बस को देर रात रवाना नहीं किया जाएगा। बस को डिपो पर ही रोक दिया जाएगा। बस यात्रियों के डिपो में रुकने की व्यवस्था की जाएगी। कोहरा घटने के बाद सुबह बस को रवाना किया जाएगा। इसके अलावा बसों में चालू हालत में वाइपर, यात्रियों की सीट पर खिड़की पर रबर और शीशा दुरुस्त कराने, रिफ्लेक्टिव टेप लगी होने, बसों में ऑल वेदर बल्ब लगे होने को भी अनिवार्य किया गया है।

नोएडा डिपो के एआरएम अनुराग यादव ने बताया कि मुख्यालय से जारी हुए दिशानिर्देशों के आधार पर बसों के शीशे, लाइट, वाइपर आदि को दुरुस्त कराया जा रहा है। रात्रिकालीन सेवा के चालक को उनके रास्ते की पूरी जानकारी होने के बाद ही ड्यूटी दी जाएगी।

प्याज की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

बढ़ी हुई प्याज की कीमत के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन किया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का घेराव किया। विरोध कर रहे कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने सभी को सिविल लान्इस में आइपी कॉलेज के पास ही रोक लिया और सुभाष चोपड़ा, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता मुकेश शर्मा समेत कई नेताओं को पुलिस हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। हालांकि, बाद में सभी को छोड़ दिया गया। इस दौरान नेता और कार्यकर्ताओं ने प्याज के माला पहन कर विरोध जताया।

प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार की नुराकुश्ती के बीच दिल्ली की आम जनता परेशान है। प्याज की कीमत दिनों-दिन बढ़ रही है। एक सप्ताह पहले 80-90 रुपए किलो प्याज मिल रहा था, जो कि अब 100 रुपए के पार हो गया है। वहीं, दूसरी ओर गोदाम में 23 हजार टन प्याज सड़ रहा है। चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार जमाखोरों से मिली हुई है, जिसके चलते प्याज के दाम बढ़े है। वहीं, दूसरी ओर भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकारें केवल बयानबाजी में लगी हैं।

वहीं, मुकेश शर्मा ने दोनो सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि गरीब आदमी आज सब्जी खाना तो दूर की बात है, सूखी रोटी सब्जी के लिए तरस रहा है। प्याज के अलावा अन्य सब्जियों की कीमतें भी बढ़ रही हैं। लहसुन 300 रुपए प्रतिकिलो के पार पहुंच गया है। इससे साफ पता चलता है कि दोनो सरकारें गरीब आदमी की दुश्मन है। दिल्ली सरकार का सस्ता प्याज बेचने का ढकौसला कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 72 घंटे में प्याज के दाम कम नही हुए तो प्रदेश कांग्रेस केन्द्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री रामविलास पासवान का घेराव करेगी।

मध्य प्रदेश से दिल्ली लाकर हथियार बेचने वाला गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

मध्य प्रदेश से दिल्ली में टूरिस्ट बैग में हथियारों की तस्करी तकने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश। गिरोह के पास से सात पिस्तौल और छह कारतूस बरामद हुए हैं। कम कीमत पर हथियार खरीद महंगे में बेच कमाते थे मोटा मुनाफा। तस्कर नजफगढ़ के नंदू गिरोह का हथियार सप्लाई करता था। द्वारका जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने इस गिरोह का खुलासा किया है।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंटो अलफोंस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए हथियार तस्कर का नाम हरीश है। वह खरखरी रोड दिल्ली का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस टीम ने सात पिस्तौल और आधा दर्जन कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली थी कि एक बार फिर तस्कर हथियार की खेप लेकर दिल्ली में आने वाला है, तो पुलिस टीम ने जाफरपुर कला इलाके में घात लगाकर तस्कर को पकड़ लिया।

पूछताछ में उसने बताया कि वह पुलिस की नजर से बचने के लिए टूरिस्ट बैग में हथियार की खेप लाता था। मध्य प्रदेश से दिल्ली टूरिस्ट बनकर आता था। जिससे किसी को उसके उपर संदेह ना हो। उसने बताया कि मध्यप्रदेश से कम कीमत पर हथियार खरीदकर दिल्ली के बदमाशों को मोटी कीमत पर बेचा करता था।

साथ ही यह भी बताया कि अपनी सुरक्षा के लिए भी हथियार साथ रखता था। हरीश कुमार जाफरपुर कला इलाके का घोषित बदमाश भी है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, लूटपाट आदि धाराओं के कई मामले चल रहे हैं। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस को उम्मीद है कि नजफगढ़ और आसपास के इलाकों में सक्रिय बदमाशों तक हथियार पहुंचने में काफी कमी आएगी।

प्रदर्शन देश के विभिन्न शहरों में हो रहीं बलात्कार की घटनाओं के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करतीं छात्राएं। फोटो : अरुष चोपड़ा

निर्भया कांडः उपराज्यपाल ने दया याचिका खारिज करने की सिफारिश की

नई दिल्ली, 2 दिसंबर (भाषा)।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने निर्भया बलात्कार एवं हत्याकांड के दोषियों में से एक की दया याचिका को खारिज करने की सिफारिश की है। पीड़िता की मां ने 'न्याय के लिए कभी खत्म न होने वाले इंतजार' को लेकर नाराजगी जाहिर की।

दिल्ली सरकार द्वारा दोषियों में से एक विनय शर्मा की दया याचिका को खारिज करने की सिफारिश करने के एक दिन बाद उपराज्यपाल ने यह सिफारिश की है। विनय शर्मा ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविदं के समक्ष दया याचिका दायर की थी। दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल की सिफारिशें राष्ट्रपति को भेजी जाएंगी जो मामले पर अंतिम फैसला लेंगे।विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज, हमें दया याचिका (विनय शर्मा की) को खारिज करने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी मिल गई है और आज हम अपनी सिफारिशें राष्ट्रपति को भेजेंगे।

गावी की टीम ने गाजियाबाद-नोएडा के स्वास्थ्य केंद्रों की जांच की

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 दिसंबर।

ग्लोबल अलायंस फॉर वैक्सीनेशन एंड इम्यूनाइजेशन (गावी) की टीम ने सोमवार को नोएडा और गाजियाबाद के स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा किया। टीम ने गाजियाबाद के सिहानी गेट में झुग्गी- झोपड़ियों में टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। इसके बाद रजापुर ब्लॉक के भौदापुर गांव के ईंट-भट्टे पर जाकर दो वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण देखा और पाया कि किस प्रकार टीकाकरणकर्मी दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं।

वहीं, नोएडा में टीम ने सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआइ सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा कर टीकाकरण की आपूर्ति की जांच की।

कोर सेक्टर में घट रही आइआइटी विद्यार्थियों की दिलचस्पी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली में प्लेसमेंट सत्र की शुरुआत हुई। इसके तहत पहले ही दिन विद्यार्थियों को नौकरी के 244 अवसर मिले जिसमें से चार अंतरराष्ट्रीय थे। पिछले साल पहले दिन नौकरी के 232 अवसर विद्यार्थियों को मिले थे। इस साल कोर सेक्टर (मेकैनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल और कैमिकल) में पिछले साल की तुलना में कम विद्यार्थियों ने दिलचस्पी दिखाई है।

आइआइटी दिल्ली से मिली जानकारी के मुताबिक, इस साल प्लेसमेंट के पहले दिन विद्यार्थियों को 244 अवसर मिले। इनमें से 42 परामर्श क्षेत्र में, 86 कोर सेक्टर में, 21 वित्त क्षेत्र में, 81 सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में और 14 नौकरी के अवसर अन्य क्षेत्रों से मिले। जबकि अगर 2018 में पहले दिन हुए प्लेसमेंट की बात करें तो 45 परामर्श क्षेत्र में, 92 कोर सेक्टर में, 16 वित्त क्षेत्र में, 64 सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में और 15 अन्य क्षेत्र में नौकरी के अवसर उपलब्ध थे।

अगर दोनों सालों की तुलना करें तो 2018 की तुलना में 2019 में 12 अधिक अवसर आइआइटी दिल्ली के विद्यार्थियों को उपलब्ध हुए। सूचना प्रौद्योगिकी में जहां पिछले साल के मुकाबले इस साल 17 अवसरों की बढ़ोतरी हुई है जबकि कोर सेक्टर में छह अवसरों की कमी है। परामर्श क्षेत्र में तीन और वित्त क्षेत्र में पांच अवसरों वृद्धि हुई। जानकारों का मानना है कि मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) जैसे क्षेत्रों के बढ़ने से कोर सेक्टर में विद्यार्थियों की दिलचस्पी धीरे-धीरे कम हो रही है।

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वी रामगोपाल राव की ओर से कहा गया कि प्लेसमेंट के पहले दिन इतने अच्छी शुरुआत से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि मुझे इस बात की भी खुशी है कि आइआइटी दिल्ली के विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय नौकरी के अवसर से अधिक राष्ट्रीय अवसरों को महत्त्व दे रहा है।

मालिकों की पीठ पीछे घर से लाखों की चोरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

दिल्ली के पॉश इलाके ग्रेटर कैलाश-दो में एक सेना के अधिकारी के घर से करीब 10 लाख रुपए नकदी और लाखों रुपए के आभूषण की चोरी का मामला सामने आया है। जब अधिकारी मेरठ कैंट से शनिवार को घर लौटा और चोरी का पता चला तो मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। भारतीय सेना में कैप्टन विमल जैन ने पुलिस को बताया कि वह बीती 25 नवंबर को बेटे मेजर पीयूष जैन से मिलने के लिए मेरठ कैंट गए थे। फिलहाल सीआर पार्क थाना पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

जानकारी के मुताबिक, विमल जैन अपनी पत्नी के साथ ग्रेटर कैलाश-दो के मकान नंबर ई-348 में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 25 नंवबर को वह अपनी पत्नी के साथ बेटे से मिलने मेरठ कैंट गए थे। 30 नवंबर की शाम करीब पौने आठ बजे जब वे अपने घर पहुंचे तो पाया कि मुख्य गेट का दरवाजा खुला हुआ है। इसके साथ ही खिड़की के अलावा अन्य दरवाजे भी टूटे पड़े थे। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर की सभी अलमारियां टूटी पड़ी थीं। उनके घर से करीब 10 लाख रुपए नकदी और लाखों के आभूषण गायब हैं।

छानबीन के आधार पर पुलिस मान कर चल रही है कि चोरों ने रैकी कर घटना को अंजाम दिया होगा। पीड़ित ने बताया कि चोर उनके घर में पिछला दरवाजा तोड़कर दाखिल हुए होगें। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर कई घंटे तक अंदर रहे होंगे। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश जारी है।

हथियार खरीदने आए तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 दिसंबर।

- बदमाश अपने साथियों के साथ हथियार लेने आया था दिल्ली
- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तीनों को गिरफ्तार किया

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अजमेर, राजस्थान के एक कुख्यात गैंगेस्टर को उसके दो गुर्गे के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों को पुलिस ने धौला कुआं के पास से उस वक्त गिरफ्तार किया, जब ये बदमाश अवैध हथियार का खेप लेने के लिए आए थे। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान गैंगेस्टर वरुण चौधरी (38), जीत राम चौधरी (23) और सोहन लाल (30) के तौर पर हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इनकी निशानदेही पर छह पिस्तौल और 57 कारतूस जब्त किए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ये अपने प्रतिद्वंदी गिरोह के गैंगेस्टर की हत्या की योजना बना रहे थे। इसी योजना के तहत वह दिल्ली में हथियार लेने के लिए आए थे। इसी बीच इसकी भनक दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल को लग गई, जिसके बाद टीम ने 30 नवंबर को इन सभी को गिरफ्तार कर लिया।

स्पेशल सेल के उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि अजमेर के बादमाश धौला कुआं के पास हथियार लेने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम गठित की गई। टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर बदमाशों का इंतजार करने लगी। इसी बीच राजस्थान में पंजीकृत नंबर की एक पर टीम को शक हुआ। टीम ने देखा कि कार चालक ने कार रोक दी और उससे तीन लोग बाहर निकले और इंतजार करने लगे। इसी बीच उन्हें शक हुआ कि कोई उन पर नजरें रख रहा है। टीम ने तीनों को पकड़ने की कोशिश की तो वे फरार होने लगे। पर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। बाद में तीनों की पहचान वरुण चौधरी, जीत राम चौधरी और सोहन लाल के तौर पर हुई।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान वरुण चौधरी ने बताया कि वह अजमेर का गैंगेस्टर धमेंद्र चौधरी का भतीजा है। अपने पिता की मौत के बाद अपराध की दुनिया में कदम रखा था। वह अपने गुर्गों के साथ मिल कर अपने प्रतिद्वंदी गिरोह के बदमाश की हत्या की तैयारी कर रहा था। फिलहाल पुलिस कार्रवाई कर रही है।

ऐक्सिस बैंक **अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

रिटेल एसेट्स सेंटर : प्रथम तल, जी-4/5, बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ-226010
कारपोरेट आफिस : तृतीय तल, ब्लाक-बी, बाम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधाकर मार्ग, वर्ली मुम्बई-400 025
रजिस्टर्ड आफिस : 'त्रिशूल', तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डेन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380 006

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के बिक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आम लोगों को विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जैसा है जहाँ है"** और **"जो कुछ भी है के आधार पर"** बेचा जाएगा **श्री बृजेश कुमार सिंह (ऋणी)** एवं **श्रीमती कुसुम देवी (सह-ऋणी)** से प्रतिभूत लेनदार की **रूपये 15,31,892.00** देय दिनांक **16.08.2018** की बकाया राशि की वसूली हेतु **दिनांक 27.12.2019 को पूर्वान्ह 11:00 बजे (निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 26.12.2019 को अपरान्ह 5:00 बजे तक)** को बेचा जायेगा। आरक्षित मूल्य **6,75,810/- रूपये** होगा और अग्रिम धनराशि **67,581/- रूपये** होगी।

खाता संख्या	स्थान/ अचल सम्पत्ति का विवरण	सम्पत्ति पर बैंक की जानकारी में कोई भार
इसकी कुछ वजहें समझी जा सकती हैं। एक तो यह कि निजी दूरसंचार कंपनियों ने प्रतिस्पर्धा के चलते बहुत तेजी से अपनी सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया। उसमें सस्ती दर पर अधिक सेवाएं उपलब्ध कराने की योजनाएं भी चलाईं। इस तरह उनका खर्च बढ़ता रहा और कमाई अपेक्षित रूप से कम हुई। फिर बाजार में मंदी, महंगाई बढ़ने और लोगों की कमाई घटने की वजह से बहुत सारे लोगों ने अपने खर्चों पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया। इसका असर दूरसंचार कंपनियों के कारोबार पर भी स्वाभाविक रूप से पड़ा। महंगाई बढ़ती है तो सेवाएं भी महंगी होती हैं। पर जिस क्षेत्र में उपभोक्ता निरंतर बढ़ रहे हैं, जिस पर तमाम कारोबारी और सामाजिक गतिविधियों की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसमें लाभ कम रहने का तर्क खटकता ही है। सरकारी संचार सेवाओं की हालत बहुत खराब है, जिसकी वजह से अधिसंख्य लोग निजी संचार सेवाओं की तरफ मुड़ चुके हैं। ऐसे में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं का लाभ लेने वाले, तेजी से घटेंगे। तब इन कंपनियों के लिए अपना घाटा पाटना और मुश्किल हो सकता है।

स्त्री का भय

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि हमारे देश में विकास के नारे के बीच बड़ी तादाद में महिलाएं खुद को, अमूमन हर जगह, असुरक्षित महसूस करती हैं। वे शायद ही कोई ऐसी जगह पाती हैं, जहां इस बात को लेकर आश्वस्त हों कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक घटना नहीं होगी। खासतौर पर वे यौन हिंसा की प्रकृति की घटनाओं के खौफ से लगातार खुद को घिरी पाती हैं। यों यह एक आम और त्रासद हकीकत है, जिस पर कोई भी संवेदनशील व्यक्ति गौर कर सकता है, लेकिन अक्सर इस सामाजिक पहलू पर होने वाले अध्ययनों की रिपोर्टों में यही तथ्य उभर कर सामने आता है। इसी क्रम में सामाजिक उद्यम 'सेफ्टीपिन', सरकारी संगठन कोरिया इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी और एक स्वयंसेवी संगठन एशिया फाउंडेशन के संयुक्त अध्ययन में एक बार फिर यही विडंबना दर्ज हुई है कि देश के कई शहरों में महिलाएं लगातार खुद को भयग्रस्त पाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भोपाल, ग्वालियर और जोधपुर में करीब नब्बे फीसद महिलाएं सुनसान और खाली इलाकों की वजह से खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। खासकर अविवाहित महिलाओं और छात्राओं को यौन हिंसा का खतरा ज्यादा है।

हालत यह है कि करीब दो तिहाई महिलाएं सार्वजनिक परिवहन की खाली या कम लोगों को ले जाती गाड़ियों में सफर करने से डरती हैं या सुरक्षा इंतजामों की कमी की वजह से वे लगातार एक आशंका से घिरी रहती हैं। लगभग छियासी फीसद महिलाएं आसपास शराब या दूसरे नशीले पदार्थों की बिक्री से असुरक्षित महसूस करती हैं। आखिरकार ये कमियां किसकी लापरवाही से मौजूद हैं? विचित्र है कि महिलाओं को घूरने, पीछा करने, फब्तियां कसने और गलत तरीके से छूने जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन इन्हें यौन उत्पीड़न के मामलों में गंभीर प्रकृति का नहीं माना जाता है। जबकि शुरुआती तौर पर घटने वाली ऐसी ही घटनाओं की अनदेखी और उनसे निपटने में बरती जाने वाली लापरवाही के बाद अपराधी प्रवृत्ति वालों का मनोबल बढ़ता है। यह बलात्कार या यौन हिंसा की बड़ी वजह है। इसके अलावा, घर की दहलीज से बाहर घटने वाली ऐसी घटनाओं के समांतर महिलाओं के लिए घर की चारदिवारी भी कितनी सुरक्षित है, यह सभी जानते हैं। इस मसले पर भी अनेक अध्ययनों में बताया गया है कि महिलाओं और बच्चियों के यौन उत्पीड़न के ज्यादातर मामलों में आरोपी उनका कोई परिचित, यहां तक कि संबंधी भी होता है।

हाल ही में हैदराबाद की घटना के अलावा ऐसी तमाम घटनाओं ने देश भर में लोगों के भीतर आक्रोश पैदा किया है। दूसरी ओर, सरकारें अक्सर यह दावा करती रहती हैं कि कानून-व्यवस्था और सुरक्षित माहौल मुहैया कराने के मोर्चे पर कोई कमी नहीं की जाती है। लेकिन अगर यह दावा सच है तो ऐसा क्यों है कि सौ में नब्बे महिलाओं को लगभग हर वक्त खौफ से गुजरना पड़ता है। सवाल है कि जब पितृसत्तात्मक मानसिकता से लैस पुरुषों का एक बड़ा हिस्सा अपनी यौन कुंठा की वजह से कभी भी यौन हिंसा या उत्पीड़न करने को तैयार रहता है, तो ऐसी स्थिति में महिलाएं खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करें? निश्चित रूप से सख्त कानूनी व्यवस्था और समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया ऐसे अपराधों पर लगाम लगाने का एक सबसे जरूरी हिस्सा हैं। लेकिन जब तक सामाजिक विकास नीतियों और उनमें समाज को पितृसत्तात्मक मूल्यों से मुक्ति के सूत्रों को प्रमुखता नहीं दी जाएगी, तब तक स्त्री के लिए अपने आसपास की दुनिया खौफ ही पैदा करेगी।

कल्पमेधा

अपनी वर्तमान प्रसन्नताओं को इस प्रकार भोगो कि भावी प्रसन्नताओं को क्षति न पहुंचे।
-सेनेका

अतिक्रमण की भेंट चढ़ते तालाब

दिनेश प्रसाद मिश्र

हमारी सांस्कृतिक परंपरा में वर्षा जल को संरक्षित करने पर विशेष ध्यान दिया गया था, जिसके लिए जगह-जगह पोखर, तालाब, बावड़ी, कुएं आदि निर्मित कराए जाते थे, जिनमें वर्षा जल एकत्र होता और वह वर्ष भर जीव-जंतुओं सहित मनुष्यों के लिए भी उपलब्ध होता था। पर वैज्ञानिक प्रगति के नाम पर इन्हें संरक्षण न मिलने के कारण अब तक लगभग साढ़े चार हजार नदियां तथा बीस हजार झील, पोखर, तालाब आदि सूख गए हैं।

आज पूरे देश में पोखर और तालाब संकट में हैं। बहुत सारे तालाब या तो सूख गए हैं या अंतिम सांसें गिन रहे हैं। उत्तर प्रदेश में आगरा के राजपुर गांव में कभी अपार जल राशि रहा करती थी। वह जल आसपास के लोगों तथा जीव-जंतुओं के लिए जीवन अमृत प्रदान करता था, पर नवधनाढ्यों की नजर उस पर ऐसी लगी कि आज उस तालाब के स्थान पर विशाल अट्टालिकाएं खड़ी हैं। बदायूं जिले के अनेक तालाब भू माफिया की भेंट चढ़ चुके हैं। चंदोखर, पक्का तालाब तथा चमरतलैया, जिनका क्षेत्रफल पचास बीघे से भी अधिक था, अपना अस्तित्व गंवा चुके हैं। अब उनके स्थान पर कल्याण नगर, प्रोफेसर कॉलोनी जैसी पाश कॉलोनियां उग आई हैं। पक्का तालाब का संबंध सुरंग के माध्यम से राजा महिपाल के महल से था, जहां स्नान करने के लिए रानियां जाया करती थीं। अब पक्का तालाब का अवशेष मात्र शेष है।

इसी प्रकार कानपुर-आगरा राजमार्ग पर एत्मादपुर से पहले कभी 'बुढ़िया का तालाब' विशाल दरिया के रूप में स्थित था, जिसमें रजवाहे के माध्यम से पानी निरंतर आता रहता था और वह वर्ष पर्यंत लबालब भरा रहता था। अब वहां पर पानी का नामोनिशान नहीं है, बबूल सहित कांटेदार वृक्षों का जंगल खड़ा हो गया है। प्रयागराज स्थित तालाब नवल राय अब इतिहास का विषय बन गया है। उसके स्थान पर आज इस नाम का मोहल्ला कायम है। प्रयागराज में ही धरा गांव का तालाब अपने आप में अद्वितीय था। चालीस एकड़ में फैले इस तालाब की भूमि कंक्रीट की बनाई गई थी और उसमें चारों ओर से आकर बरसाती पानी जमा होता था। वह अड़ोस-पड़ोस के गांवों सहित जीव-जंतुओं के पेयजल के साथ-साथ फसलों की सिंचाई और अन्य आवश्यक कार्यों में उपयोग में लाने पर भी वर्ष पर्यंत लबालब भरा रहता था। पर आज वहां पानी के स्थान पर सूखी भूमि नजर आती है।

गोरखपुर स्थित असुरन पोखरा सन 1075 से 1077 के मध्य राजा शूरपाल ने विष्णु मंदिर के साथ बनवाया था। वह आज पानी रहित होकर असुरन मोहल्ले के नाम से गोरखपुर में जाना जाता है। कानपुर देहात घाटमपुर स्थित कुष्मांडा देवी मंदिर का तालाब भी अपनी यही कहानी कह रहा है। गाजीपुर के सिद्ध पीठ भुड़कुड़ा के उत्तरी छोर पर स्थित पोखरा चमत्कारी पोखरा के नाम से जाना जाता है, जिसे सिद्ध पीठ के दूसरे महान संत गुलाल साहब ने लगभग साढ़े पांच सौ साल पहले खुदवाया था। वह आज अंतिम सांसें गिन रहा है। इसी प्रकार अलीगढ़ से अतरौली स्थित राजमार्ग पुर गांव का तालाब, शाहजहांपुर की तहसील तिलहर और पुवाया की सीमा में लघौला चेना में चौरासी बीघा के विशाल क्षेत्र में फैला तालाब, अमेठी के एक सौ नौ हेक्टेयर में फैला समदा ताल, नोएडा के बिलासपुर में स्थित चालीस बीघा में फैले बूढ़े बाबा का तालाब, बदायूं के अनेक तालाब भू माफियाओं की बुरी नजर का शिकार होकर अपने अस्तित्व को गवां बैठे हैं और उनके पेट में कंक्रीट के जंगल उग कर मुहल्लों के रूप में परिवर्तित हो गए हैं। मुरादाबाद के खुशहालपुर रोड स्थित लोको शेड के पास स्थित तालाब तथा चित्रकूट जिला कलेक्ट्रेट के पास स्थित चंदेल राजाओं द्वारा बनवाए गए मिनी खजुराहो के नाम से विख्यात गणेश बाग स्थित बावड़ी और तालाब आज अंतिम सांसें ले रहे हैं। उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। कभी समीपवर्ती गांव के सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजनों के केंद्र बनने वाले ये तालाब आज मृतप्राय हो गए हैं।

मृतप्राय तालाब-पोखरों की संख्या पूरे देश में बीस हजार से ऊपर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार मेरठ में 1115, बुलंदशहर में 3997, मुजफ्फरनगर में 767, शामली में 348, मुरादाबाद में 2532, अमरोहा में 2101, रामपुर में 2257, संभल में 599, अलीगढ़ में 1848, हाथरस में 94, प्रयागराज में 2800, प्रतापगढ़ में 1378, वाराणसी में 1519, बलिया में 4622, बरेली में 6500, शाहजहांपुर में 5000, बदायूं में 2243, पीलीभीत में 1071, नोएडा में 1002, लखनऊ में 1345, कन्नौज में 1818, चित्रकूट में 1499, फतेहपुर में 6650, कानपुर देहात में 2750, आगरा मंडल में 9423, आजमगढ़ में 45,000, सोनभद्र में 7000, गोरखपुर में 5646 और बस्ती मंडल में 4200 पोखर और तालाब हैं, जिनमें से दस फीसद तालाबों में भी गत जून माह में पानी नहीं था।

प्रदेश सरकार इन तालाबों पर पानी भरवाने का प्रयास कर रही थी। पर मनरेगा के अंतर्गत किए गए प्रयासों के बावजूद जल भरे तालाबों की संख्या कुल के सापेक्ष बीस फीसद नहीं हो पाई है। वर्षा ऋतु में अवश्य ही इनमें कुछ पानी देखने को मिला, पर उसके जाते ही पानी सूखना प्रारंभ हो गया है। गरमी आते-आते अधिकांश तालाब जल विहीन हो जाएंगे। मनरेगा द्वारा नए-नए तालाब बनाए जा रहे हैं, पर उनका निर्माण बिना किसी योजना के अदूरदर्शिता पूर्ण ढंग से किया जा रहा है। निर्माण के लिए निर्माण तो हो रहा है, पर यह नहीं देखा जा रहा कि इन तालाबों में पानी कहां से आएगा। उनमें प्रायः प्राकृतिक बरसाती पानी नहीं पहुंच पाता, जबकि तालाबों का निर्माण ऐसे स्थान पर होना चाहिए, जहां वर्षा का जल एकत्रित हो और भूगर्भ के जल स्तर को भी बढ़ाए।

आज देश का तीन चौथाई भाग पेयजल की समस्या से जूझ रहा है। देश के अनेक भागों में जल की अनुपलब्धता के कारण आंदोलन और संघर्ष हो रहे हैं। दक्षिण भारत के चेन्नई से लेकर उत्तर भारत के अनेक शहरों में पेयजल की समस्या मुंह बाए खड़ी है। देश के लगभग सत्तर प्रतिशत घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। लोग प्रदूषित पानी पीने को बाध्य हैं, जिसके चलते लगभग चार करोड़ लोग प्रतिवर्ष प्रदूषित पानी पीने से बीमार होते हैं और लगभग छह करोड़ लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीने को विवश हैं। उन्हें पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध नहीं है। देश में प्रतिवर्ष लगभग चार हजार अरब घन मीटर पानी वर्षा के जल के रूप में प्राप्त होता है, पर उसका लगभग आठ फीसद पानी ही हम संरक्षित कर पाते हैं। बाकी पानी नदियों, नालों के माध्यम से बह कर समुद्र में चला जाता है।

हमारी सांस्कृतिक परंपरा में वर्षा जल को संरक्षित करने पर विशेष ध्यान दिया गया था, जिसके लिए जगह-जगह पोखर, तालाब, बावड़ी, कुएं आदि निर्मित कराए जाते थे, जिनमें वर्षा जल एकत्र होता और वह वर्ष भर जीव-जंतुओं सहित मनुष्यों के लिए भी उपलब्ध होता था। पर वैज्ञानिक प्रगति के नाम पर इन्हें संरक्षण न मिलने के कारण अब तक लगभग साढ़े चार हजार नदियां तथा बीस हजार झील, पोखर, तालाब आदि सूख गए हैं।

देश का कोई भी ऐसा हिस्सा या प्रदेश नहीं है, जहां पोखर और तालाब दिन-प्रतिदिन सूख न रहे हों तथा उन पर भू माफिया और बिल्डरों का अवैध कब्जा न हुआ हो। इसे देखते हुए प्रकृति प्रेमी और जल संरक्षण तथा संवर्धन की दिशा में कार्य कर रहे लोगों द्वारा समय-समय पर ऐसे जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए माननीय उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय में भी गुहार लगाई गई। हिंचलाल तिवारी, जगपाल और अन्य की जनहित याचिका में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा देश के सारे झील-तालाब-झरनों को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद गाजीपुर के इकबाल अहमद की जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने तालाबों से अतिक्रमण हटाने के लिए 2005-06 में आदेश पारित करते हुए कहा था कि 1952 के पहले के राजस्व अभिलेखों में पोखर, तालाब आदि के रूप में अंकित जलाशयों को अतिक्रमण मुक्त कर उन्हें बहाल किया जाए। माननीय न्यायालयों द्वारा पारित उक्त निर्णयों से समस्या विशेष का तो समाधान हुआ तथा कुछ जलाशयों को जीवनदान मिला पर उनका व्यापक प्रभाव नहीं पड़ा। भू-माफिया, राजनेता और अधिकारियों के गठजोड़ की वजह से जलाशयों की मुक्ति तथा उनकी बहाली की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

भाषा का जीवन

मेधा

दुनिया मेरे आगे

भाषा का सवाल बचपन से लेकर अब तक न जाने कितने तरह से मन में उभरता रहा है। एक वजह तो यही समझ में आती है कि व्यक्ति की देह और मन की नाल मां के अलावा अगर किसी और शय से सबसे ज्यादा गहराई से जुड़ी होती है तो वह है अपनी भाषा। बचपन में मां की भाषा में सोना-जागना, हंसना-रोना हुआ और थोड़ी उम्र बढ़ने पर आस-पड़ोस की भाषा भी मां की सिखाई भाषा के ही दायरे में आ गई। कई बार मां की सिखाई भाषा के साथ आ मिली यह पड़ोस की भाषा भी अपनी मातृभाषा बन जाती है। हो सकता है, किन्हीं मामलों में ऐसा न होता हो, लेकिन अक्सर ऐसा ही होता है। तभी तो ज्यादातर भारतीय परिवार अपनी मूल भाषाई बनावट में बहुभाषी होता है।

मिसाल के लिए, मेरी मां के घर पटना में मगही बोली जाती थी। जब वे ब्याह कर गंगा की गोद से निकल बूढ़ी गंडक (नदी) के तट पर आईं तो उनके भाई-बंधु, परिवार-पड़ोस ही नहीं, मायके की भाषा भी छूटी। मायके की भाषा एकदम से छूट गई- ऐसा तो नहीं कह सकते, भाषा व्यक्ति के जीवित होते कभी छूटती नहीं। वह रहती आपके साथ ही है, लेकिन हृदय में रहने और जबान पर होने के बीच का फर्क करना भी जरूरी है। ससुराल के नए संसार में मां की एक नई भाषा से भेंट हुई, महिलाएं बज्जिका बोलती थीं और पुरुष अधिकतर खड़ी बोली हिंदी। चूंकि मेरा शहर मिथिलांचल के ज्यादा करीब है तो वहां मैथिली बोलने वाले भी बहुत लोग थे।

इस तरह मेरा बचपन जिन भाषाओं से समृद्ध हुआ, उनमें हिंदी, बज्जिका, मगही, मैथिली और भोजपुरी थीं। स्कूल में अंग्रेजी तो थी ही। बचपन में ही पिताजी के पुस्तकालय से गालिब और मीर को पढ़ने का चस्का लग गया, सो उर्दू ने भी मेरे भाषा-संसार में अपनी जगह बना ली। दिल्ली आने पर और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में दाखिल होने के बाद सुदूर असम से आई कारबियांग जनजाति की एक छात्रा से दोस्ती हुई। उनकी भाषा कार्बी के बारे में जाना तो उसकी सोंधी महक भी मेरे भाषा संसार को सुगंधित करने लगी। कई बंगाली दोस्तों की संगत का असर कहिए या फिर कवींद्र टैगोर की कविताओं का प्रभाव कि बांग्ला कभी भी दूसरे प्रांत की भाषा नहीं लगी। बांग्ला उतनी ही अपनी लगी, जितनी कि बज्जिका और भोजपुरी। हैदराबाद की एक सहेली ने तेलुगू को कब और कैसे मेरे भाषा-संसार में दाखिल करा दिया दिया, इसका पता तक नहीं चला मुझे। जब शहर पांडिचेरी के इश्क में गिरफ्तार हुई तो एक साथ तमिल और फ्रेंच दिल में समाते चले गए।

इन दिनों जिंदगी का ढर्रा सूफीयत का बन आया है। सो, अमीर खुसरो और मौलाना रूमी फारसी सीखने की ललक पैदा कर रहे हैं। कभी राबिया के लिए धड़कता दिल कहता है- 'ऐ लड़की राबिया को पढ़ने चली हो, लेकिन तुम्हें अरबी क्यों नहीं आती?' बॉलीवुडिया पंजाबी को लेकर मन में जो निरादर था, उसे बुल्लेशाह ने समाप्त कर दिया है। अब हर पंजाबी लफ्ज खुद-ब-खुद अपना अर्थ मुझ पर खोल देता है। तुलसीदास और जायसी को पढ़ते हुए अवधी ने भाषा-संसार को समृद्ध किया तो मीरा की रचनाओं ने राजस्थानी और गुजराती भाषा के संस्कार से अवगत करवाया।

जिंदगी के साथ-साथ भाषा का सफर भी निरंतर जारी रहा। पर कभी भी भाषा को लेकर मन में धर्म का सवाल नहीं उठा। मेरे गांव के इकलौते मुसलिम परिवार के सदस्य हम लोगों से अच्छी बज्जिका और हिंदी बोलते थे। और हमारे उर्दू शब्दों का भंडार उनसे अधिक समृद्ध था। हालांकि भाषाओं के सांप्रदायीकरण की कवायद तो सियासी तौर पर अंग्रेजों ने सन 1800 में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना के साथ ही शुरू कर दी थी।

लेकिन आजाद भारत में भाषा को राष्ट्रीय एकता-अखंडता के साए में सोचा गया और अपेक्षा रखी गई कि कोई एक भाषा कालक्रम में सारे देश की भाषा चाहे न बने, तो भी कम से कम इतना तो हो ही जाएगा कि उसे संपर्क-भाषा के रूप में अपनाते हुए किसी को अटपटा न लगे। यों देखें तो भाषा कोई भी हो, वह अपने मिजाज में लोकतांत्रिक ही होती है। हर दूसरी भाषा को अपना कर ही अपना विकास करती है। किसी से शब्द का उपहार लेती है, किसी के व्याकरण से कोई सूत्र ले आती है तो किसी भाषा की भंगिमा अपना लेती है। इस तरह अपने को सजाती-संवारती है। आजाद भारत में हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में विकसित करने का विचार इसी तर्क को अपना कर चला। भाषा धर्म के आधार पर न किसी को पहचानती है और न ही उसे विभेद का जरिया बनाती है। अगर ऐसा होता तो जायसी एक हिंदू राजा की कथा अवधी में क्यों लिखते? संस्कृत या उसके किसी खास हिस्से को सिर्फ हिंदू पढ़ाए वाले तर्क को अगर आगे बढ़ाएंगे तो एक निष्कर्ष यह भी निकलेगा कि जो हिंदू नहीं है, उसे संस्कृत पढ़ने का भी अधिकार नहीं होना चाहिए। हम लौट कर वहीं पहुंचेंगे जहां बात आएगी कि शूद्र, स्त्री को ज्ञान का अधिकार नहीं होना चाहिए!

गांधी के मूल्य

महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे में दक्षिणपंथ की कट्टर सनक थी, बावजूद इसके संघ या भाजपा ने हाल के वर्षों में गांधी-विरोध या गोडसे का पक्ष नहीं लिया। कारण स्पष्ट है कि गांधी इस देश के जेहन में रचे-बसे हैं। हमारी राजनीति और इसके नुमाइंदों की वैचारिकता चाहे जितनी निकृष्ट हो जाए लेकिन राहत की बात है कि महात्मा गांधी की शहादत के इकहत्तर साल बाद भी, किसी सरकार या किसी पक्ष की इतनी हैसियत नहीं कि राष्ट्रपिता गांधी का खुलेआम विरोध कर उस पर कायम रह जाए। तर्कशील व्यक्ति भी यदि गांधी को भला-बुरा कहे तो आत्मग्लानि का शिकार हो जाता है।

भाजपा भी जानती है कि गांधी का क्षणिक विरोध कर वह एक जमात को अपने पक्ष में तो कर सकती है, लेकिन वह समर्थन अल्पकालिक ही होगा जिसके चलते एक बड़ा जनाधार उससे दूर चला जाएगा। कट्टरता, भेदभाव, नफरत, हिंसा, अतिवाद और द्वेष का जहर कितना ही लोगों के मन में भर दिया जाए, लेकिन अहिंसा, सत्य, भाईचारा, सौहार्द, प्रेम की मानवीय वृत्ति से आमजन स्थायी तौर पर दूर नहीं हो सकता। गांधी इसी मानवता के पर्याय थे, व्यावहारिक और स्वाभाविक थे। आज देश-दुनिया में गांधी के विचार, उनके सिद्धांत, नजरिया, सोच पढ़ाई जाती है। पांच बार शांति के नोबेल के लिए नामित होने वाले महात्मा गांधी को वह पुरस्कार न दिया जाना आज भी नोबेल कमेटी को अखरता है।

बड़ी संजीदगी से असहमति का सम्मान करने और हर भावना व राय को व्यक्त करने के अधिकार के समर्थक गांधी स्वतंत्रता के प्रबल पक्षधर व हर तरह के भेदभाव के घोर विरोधी थे। निर्भीकता से सत्य कहने और उस पर अड़े रहने का साहस गांधी देते हैं। अपने व्यक्तित्व से ही गांधी आजीवन असत्य, घृणा और नफरत को हराते रहे। यही कारण है कि आज गांधी के न होने पर भी झूठ के सहारे उनका प्रतिकार करने की प्रवृत्ति नहीं टिक पा रही है। वे बंदूक की गोली से मरने वाले शख्स हरगिज नहीं थे।

● *कृष्ण जांगिड़, राजस्थान विश्वविद्यालय*

सुस्ती के पीछे

देश में आर्थिक सुस्ती के कारण किसी से छिपे नहीं हैं। इन कारणों में सबसे चिंताजनक यह तथ्य सामने आना है कि उपभोक्ता खर्च कम हो रहा है। यह कमी शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हो रही है। इसका मतलब है कि लोग भविष्य को लेकर आशंकित हैं और बचत करना पसंद कर रहे हैं। इससे इनकार नहीं कि बीते दो-तीन महीनों में सरकार एक के बाद एक करीब दो दर्जन कदम उठा चुकी है। इनमें कुछ कदम ऐसे रहे जिन्हें क्रांतिकारी कहा गया, जैसे कॉरपोरेट कर की दरों में व्यापक कटौती। इस कटौती से कॉरपोरेट जगत को प्रोत्साहन तो मिला है, लेकिन इस तथ्य को ओझल नहीं कर सकते कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो भी कदम उठाए गए हैं, वे आपूर्ति बढ़ाने वाले हैं। लिहाजा, सरकार को कुछ ऐसे उपाय भी करने चाहिए जिनसे मांग बढ़े। यह तभी होगा जब उपभोक्ता अपना खर्च बढ़ाएंगे। उचित होगा कि कॉरपोरेट कर में कटौती के बाद व्यक्तिगत आयकर दरों में कटौती करने के साथ अन्य वे उपाय किए जाएं, जिनसे लोग खपत बढ़ाने को प्रेरित हों।

● *हेमंत कुमार, गोराडीह, भागलपुर*

सुधार की दरकार

भारत एक कृषिप्रधान अर्थव्यवस्था वाला देश है। विकासशील देश होने के साथ ही जनसंख्या विस्फोट की स्थिति ने भारत में गरीबी और भुखमरी जैसी समस्याओं को और अधिक भयावह बना दिया है। ऐसी हालत में संसाधनों के अधिकतम और कुशलतम उपयोग की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि और उसकी उत्पादकता पर ध्यान देने के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी भूमि के प्रासंगिक प्रयोग की दरकार है। इसके अलावा सरकार को जल प्रबंधन नीतियों पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। लगभग तेईस करोड़ लोगों की बिजली तक पहुंच नहीं है, जिसे देखते हुए भारत में आधारभूत संरचना में सुधार की तत्काल आवश्यकता है।

● *गुरुदास दुबे, मऊगंज, मध्यप्रदेश*

यह मिसाल

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने सेवानिवृत्ति के दो दिन बाद ही सरकारी बंगला खाली कर दिया। वे गुवाहाटी स्थित अपने घर लौट चुके हैं। खबर छोटी है लेकिन महत्त्वपूर्ण है। किसी व्यक्ति के सेवानिवृत्त होने के बाद गृह नगर लौटने में नया कुछ नहीं होता। लोग सेवानिवृत्ति के बाद अक्सर अपने गृहनगर प्रदेश लौट जाते हैं। जस्टिस गोगोई से संबंधित खबर में बंगले वाला पक्ष अवश्य मजबूत है। उन्होंने अनुकरणीय उदाहरण पेश कर एक आदर्श परंपरा को मजबूती से आगे बढ़ाया है। ऐसे उदाहरण प्रेरणास्पद हैं।

इस तरह के उदाहरणों की अपेक्षा राजनीति और सरकारी सेवा में जुड़े लोगों से बरसों से की जा रही है। पलट कर पीछे देखने पर बहुत उत्साहजनक दृश्य दिखाई नहीं देता। हाल में राजनीतिक बिरादरी में महज दो ऐसे बड़े उदाहरण मिले। लोगों को याद होगा कि केंद्र सरकार में वित्तमंत्री रहे अरुण जेटली और विदेश मंत्री रहीं सुषमा स्वराज ने पद से हटते ही अपने सरकारी बंगले खाली कर दिए थे। जेटली वरिष्ठ राज्यसभा सदस्य होने के कारण बंगले में रह सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा करना उचित नहीं समझा। विडंबना है कि कभी उच्च मूल्यों और प्रबल नैतिकता के लिए पहचाने जाते रहे हमारे समाज और परिवारों में अब इनकी कमी साफ दिखाई देती है। सैकड़ों उदाहरण भरे पड़े हैं। लोगों को सरकारी आवासों में अवैध रूप से रहते देखा जाता है। बाहर निकालने की बात शुरू होते ही नाना प्रकार के बहाने और तर्कों की झड़ी लग जाती है। कितने ही मामलों में अदालती हस्तक्षेप से ऐसे लोगों को बाहर निकाला जा सका। इनमें राजनेता, पूर्व जनप्रतिनिधि और सेवानिवृत्त अधिकारी बहुतायत में रहे। अगस्त 2019 में लोकसभा की आवास समिति ने 200 पूर्व संसद सदस्यों को नोटिस जारी कर सरकारी बंगले को खाली करने को कहा था। ये सारे माननीय पिछली लोकसभा के सदस्य थे, जिसे पच्चीस मई को भंग किया जा चुका था। नियमानुसार इन्हें एक माह में बंगले खाली कर देने थे। नोटिस पर एक बड़े कांग्रेसी नेताके बयान पर आश्चर्य हुआ।

● *रितेश कुमार उपाध्याय, संत कबीर नगर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

नई दिल्ली

www.readwhere.com

जनसत्ता
संवाद
3 दिसंबर, 2019 7

जरा हट के

कोहिमा में आयोजित वार्षिक हॉर्नबिल उत्सव के दूसरे दिन कोन्याक जनजाति की महिलाएं अपनी बंदूकों के साथ प्रदर्शन करते हुए।

बोल

आपके साथ, मैं प्रार्थना करता हूं कि मानव इतिहास में कभी परमाणु हथियारों की विध्वंसक शक्ति का इस्तेमाल न हो।
-पोप फ्रांसिस

विवाद

अगर गाजा में किसी को लगता है कि वह ऑपरेशन ब्लैक बेल्ट के खिलाफ अपना सिर उठा सकते हैं तो यह उनकी गलतफहमी है।
-बेंजामिन नेतन्याहू, इजराइल के प्रधानमंत्री

सम-सामयिक

सियाचिन : दुश्मन से नहीं, प्रकृति से जंग की मजबूरी

जनसत्ता संवाद

सियाचिन ग्लेशियर में दो बार आए बर्फीले तूफान (हिमस्खलन) में अब तक छह सैनिकों और सेना के दो कुलियों की मौत हो चुकी है। दोनों तूफानों की चपेट में आए सेना के कई अन्य जवानों अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

हिमस्खलन की खबरें आने के बाद से दुनिया के इस सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र को लेकर चर्चा तेज हो गई है। यहां मौसम की मार के कारण जवानों की मौत को लेकर बहस होने लगी है कि इन मौतों को रोकने का क्या कोई उपाय नहीं? सियाचिन में हिमस्खलन या प्रतिकूल मौसम की वजह से हर महीने औसतन दो जवानों की मौत हो जाती है। 1984 से लेकर अब तक 1400 से अधिक जवान शहीद हो चुके हैं।

भारत के लिए सामरिक महत्त्व

उत्तर पश्चिम भारत में काराकोरम रेंज में स्थित सियाचिन ग्लेशियर 76.4 किलोमीटर लंबा है और इसमें लगभग 10,000 वर्ग किमी वीरान मैदान शामिल है। सियाचिन के एक तरफ पाकिस्तान की सीमा है तो दूसरी तरफ चीन की सीमा अक्साई चीन इस इलाके को छूती है। यहां भारतीय सैनिक ऊंचाई पर हैं और इस कारण चीन और पाकिस्तान- दोनों तरफ की गतिविधियों पर निगाह रखते हैं।

सियाचिन में भारत और पाकिस्तान के सैनिक 13 साल से एक-दूसरे के सामने डटे हुए हैं। यह दुनिया का सबसे खर्चीला युद्ध क्षेत्र भी है, जहां लड़ने वाले दोनों पक्ष जानते हैं कि इस युद्ध का विजेता कोई नहीं हो सकता। भारत सरकार के मुताबिक, इस हालात के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है, क्योंकि उसने अपने मानचित्रों में पाक अधिकृत कश्मीर की सीमा को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के अंतिम छोर एनजे-9842 से सीधी रेखा खींच कर कराकोरम दर्रे तक दिखाना आरंभ किया था। चिंतित भारत सरकार ने तब 13 अप्रैल 1984 को 'ऑपरेशन मेघदूत' आरंभ कर उस पाक सेना को इस हिमखंड से पीछे धकेलने का अभियान आरंभ किया। पाकिस्तान का इरादा सियाचिन के बाद नुब्रा घाटी के साथ ही लद्दाख पर कब्जा करना था।

1984 में भारतीय सशस्त्र बलों का अभियान अनोखा था, क्योंकि दुनिया की सबसे बड़े युद्धक्षेत्र में पहली बार कार्रवाई की गई। ये अभियान 1984 से 2002 तक चला था, यानी पूरे 18 साल तक। भारत और पाकिस्तान की सेनाएं सियाचिन के लिए एक दूसरे के सामने डटी रहीं। जीत भारत की हुई। आज भारतीय सेना 70 किलोमीटर लंबे सियाचिन ग्लेशियर, उससे जुड़े छोटे ग्लेशियर, तीन प्रमुख दर्रों (सिया ला, बिलाफोंद ला और म्योंग ला) पर कब्जा जमाए हुए है। इस अभियान में भारत के करीब एक हजार जवान शहीद हो गए थे। हर रोज सरकार सियाचिन की हिफाजत पर करोड़ों खर्च करती है।

सियाचिन में आज तक सिर्फ एक ही लड़ाई हुई है। यह लड़ाई इस इलाके में अब तक की पहली और आखिरी लड़ाई थी। यहां के एक बंकर पर कब्जा जमाने के लिए जम्मू के ऑनरेरी कैप्टन बाना सिंह को परमवीर चक्र दिया गया था और उस पोस्ट का नाम भी उन्हीं के नाम पर रखा गया है। सियाचिन ग्लेशियर पर 1987 में पाकिस्तानी सेना ने 21 हजार फुट की ऊंचाई पर कब्जा कर एक बंकर का निर्माण कर लिया था। यह पोस्ट भारतीय सेना के लिए खतरा बन गई थी, क्योंकि वे वहां से गोलियां बरसा कर नुकसान पहुंचाने लगे थे।

पाकिस्तान की पोस्ट पर कब्जे के लिए 1987 के मई महीने में बाना सिंह समेत 60 सैनिकों की टीम तैयार की गई। इस पोस्ट पर भारत ने कब्जा कर इसका नाम बाना सिंह पोस्ट रख दिया। हालांकि, 22 जून को शुरू हुए इस अभियान में उसके कई अफसर और जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस लड़ाई का एक कड़वा सच यह था कि 21000 फुट की ऊंचाई पर शून्य से 60 डिग्री नीचे के तापमान में भारतीय जवानों ने तीन दिन भूखे पेट रह कर यह जीत हासिल की थी।

शोध-अनुसधान

जीवाणुरोधी दवाओं के विकास में उपयोगी प्रोटीन

जनसत्ता संवाद

दवाओं के प्रति बैक्टीरिया में बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता को देखते हुए नई दवाओं का विकास चिकित्सा क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियों में से एक है। दुनियाभर के वैज्ञानिक लंबे समय से इसी की तोड़ खोजने में लगे हुए हैं। वहीं हाल ही में भारतीय वैज्ञानिकों ने एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधी क्षमता रखने वाले एक ऐसे प्रोटीन की पहचान की है, जिसे आणविक स्तर पर लक्ष्य बनाकर स्टैफिलोकॉकस ऑरियस नामक बैक्टीरिया को नष्ट किया जा सकता है। इतना ही नहीं वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से भविष्य में नई एंटीबायोटिक दवाओं को विकसित करने में मदद मिल सकती है।

एंटीबायोटिक दवाओं का निर्माण आमतौर पर पादप अर्क और फफूंद जैसे प्राकृतिक उत्पादों या फिर लैब में विभिन्न रसायनों को मिलाकर किया जाता है। लेकिन, एंटीबायोटिक दवाओं की खोज से जुड़े शोध कार्यों में ऐसी प्रक्रियाओं का महत्व कई बार बढ़ जाता है, जिन पर अपेक्षाकृत रूप से कम खोजबीन की गई हो। इसलिए, नए एंटीबायोटिक एजेंट के रूप में इंडोल आधारित क्विनोन एपोक्साइड का विकास महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

यह शोध सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआइ), लखनऊ और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइआइएसईआर), पुणे के वैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शोध के फलस्वरुप वैज्ञानिकों ने स्टैफिलोकॉकस ऑरियस नामक बैक्टीरिया के एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधी क्षमता रखने वाले रूपों में ऐसे प्रोटीन की पहचान की है, जिसे आणविक स्तर पर लक्ष्य बनाकर इस बैक्टीरिया को नष्ट किया जा सकता है।

शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन के दौरान एक अणु भी विकसित किया है जो बैक्टीरिया में *भारतीय* वैज्ञानिकों ने ऐसे प्रोटीन की पहचान की है, जिसे आणविक स्तर पर लक्ष्य बनाकर बैक्टीरिया को नष्ट किया जा सकता है। साथ ही भविष्य में इस खोज से नई एंटीबायोटिक दवाओं को विकसित करने में मदद भी मिल सकती है।

पहचाने गए मार-आर प्रोटीन को लक्ष्य बनाकर उस बैक्टीरिया को नष्ट कर सकता है। यह अणु इंडोल आधारित क्विनोन एपोक्साइड है, जो सक्रिय जीवाणुरोधी एजेंट की तरह काम करता है। इंडोल आधारित क्विनोन एपोक्साइड बैक्टीरिया की कोशिकाओं को भेदकर और उसमें मार-आर प्रोटीन की कार्यप्रणाली को बाधित करके उसे मार देता है।

अध्ययन में शामिल आइआइएसईआर, पुणे के शोधकर्ता डॉ हरिनाथ चक्रपाणी ने बताया कि 'स्टैफिलोकॉकस ऑरियस बैक्टीरिया में पहचाने गए इस प्रोटीन को बैक्टीरिया-रोधी एजेंट्स के जरिए लक्ष्य बनाया जा सकता है, जिससे कई गंभीर संक्रमणों से लड़ने में मदद मिल सकती है। इसे अत्यधिक दवा प्रतिरोधी वीआरएसए बैक्टीरिया के खिलाफ प्रभावी पाया गया है।'

स्टैफिलोकॉकस ऑरियस संक्रमण पैदा करने वाला बैक्टीरिया है, जो दवाओं के लिए आसानी से प्रतिरोधी के रूप में उभर सकता है और उपचार के विकल्पों को सीमित कर सकता है। इसमें पाया जाने वाला मार-आर प्रोटीन इस बैक्टीरिया की वृद्धि और उसके जीवित रहने के लिए एक जरूरी तत्व है। लेकिन, बैक्टीरिया में इस प्रोटीन की कार्यप्रणाली बाधित होने पर वह जीवित नहीं रह पाता है। स्टैफिलोकॉकस ऑरियस बैक्टीरिया को मारने के लिए मार-आर परिवार के प्रोटीन को लक्ष्य बनाया जाना कारगर हो सकता है और इसकी का पता लगाने के लिए शोध में सैकड़ों संभावित प्रोटीन लक्ष्यों का परीक्षण किया गया है। शोधकर्ताओं ने बताया कि स्टैफिलोकॉकस ऑरियस मनुष्य के शरीर में पाया जाने वाला एक सहजीवी बैक्टीरिया है। यह बैक्टीरिया प्रायः त्वचा और शरीर के भीतर श्लेष्मा झिल्लियों में पाया जाता है। पर, रक्त प्रवाह या फिर भीतरी ऊतकों में यह बैक्टीरिया प्रवेश कर जाए तो निमोनिया, एंडोकार्डिटिस (हृदय वॉल्व संक्रमण), ऑस्टिमिलिटिस (हड्डियों का संक्रमण) जैसे गंभीर संक्रमण हो सकते हैं। इन संक्रमणों से निपटने के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं की जरूरत पड़ती है।

विश्व परिक्रमा

धर्मांतरण रोकने के लिए पाक में समिति का गठन

रविवार, 24 नवंबर : रूढ़ीवादी मुसलिम बहुल पाकिस्तान ने धार्मिक अल्पसंख्यकों का जबरन धर्मांतरण रोकने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानून का मसविदा बनाने के लिए 22 सदस्यीय संसदीय समिति गठित की है। इस संबंध में सीनेट सचिवालय ने 21 नवंबर को अधिसूचना जारी की।

सरकार विरोधी प्रदर्शनों को जनता का समर्थन

सोमवार, 25 नवंबर : हांगकांग में पिछले छह महीने से विरोध प्रदर्शन जारी है, इस बीच जिला परिषदों के चुनावों के लिए रविवार को मतदान हो रहा है। मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं की लंबी कतारें जनता के समर्थन का प्रमाण हैं।

हांगकांग चीन का हिस्सा है : चीन

मंगलवार, 26 नवंबर : चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने सोमवार को कहा कि हांगकांग चीन का हिस्सा है और वहां सप्ताहांत में हुए सामुदायिक स्तर के चुनावों में 'क्या हो रहा है, मायने नहीं रखता' है। वांग ने तोक्यो में जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ मुलाकात के बाद ये बातें पत्रकारों से कहीं।

जनरल कमर जावेद बाजवा

पाक सेना प्रमुख का कार्यकाल बढ़ाने पर रोक

बुधवार, 27 नवंबर : पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के कार्यकाल को तीन वर्ष के लिए और बढ़ाने संबंधी अधिसूचना पर मंगलवार को रोक लगा दी। यह फैसला बाजवा की 29 नवंबर को होने जा रही सेवानिवृत्ति से ठीक पहले आया है। प्रधान न्यायाधीश आसिफ सईद खोसा ने सरकार की अधिसूचना पर रोक लगा दी है।

बांग्लादेश में कैफे हमले में सात को फांसी

गुरुवार, 28 नवंबर : बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक कैफे में 2016 में हुए इस्लामिक स्टेट के हमले में संलिप्तता के आरोप में विशेष बांग्लादेशी न्यायाधिकरण ने आठ संदिग्धों में से सात को मौत की सजा सुनाई है। भीषण आतंकवादी हमले में एक भारतीय लड़की समेत 20 लोग मारे गए थे।

अफगानिस्तान में आठ बच्चों समेत 15 की मौत

शुक्रवार, 29 नवंबर : उत्तरी अफगानिस्तान के कुंदुज प्रांत में बुधवार को एक वाहन के गुजरने से बारुदी सुरंग में हुए विस्फोट के कारण आठ बच्चों समेत 15 नागरिकों की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत रहीमी ने यह जानकारी दी।

अल्बानिया भूकंप में 50 की मौत, हजारों बेघर

शनिवार, 30 नवंबर : अल्बानिया में इस हफ्ते की शुरुआत में आए भयंकर भूकम्प में 50 लोगों की मौत हो गई और पांच हजार से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने भूकम्प से हुए नुकसान के आंकड़े शुक्रवार को सामने रखते हुए यह जानकारी दी। 6.4 तीव्रता का भूकम्प घातक व विनाशकारी था।

जानें-समझें

अयोध्या पर पुनर्विचार याचिका

अधिकार की लड़ाई या सियासत के दांव

दीपक रस्तोगी

अयोध्या रामजन्मभूमि विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में पहली पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। जमीयत-उलेमा-ए-हिंद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है और इसके बाद ऑल इंडिया मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड अदालत में जाने की तैयारी में हैं। पुनर्विचार याचिका में जमीयत ने वही तर्क रखे हैं, जिन्हें अदालत ने अतीत में खारिज कर दिया है। मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड भी कोई नई बात नहीं कर रहा। वह नौ दिसंबर के पहले अदालत जाएगा। कानून विद मान रहे हैं कि किसी की भी पुनर्विचार याचिका के अदालत में टिकने की संभावना कम ही है। दूसरी ओर, मुसलिम पक्षकारों का बड़ा एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने का पहले ही ऐलान कर चुका है। ऐसे में सवाल है कि इस मामले को खींचने में जुटे धड़े का असल उद्देश्य क्या है?

जमीयत की पुनर्विचार याचिका

पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के बाद जमीयत के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी का बयान आया कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले को बरकरार रखा तो हम उसका पालन करेंगे। जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की ओर से पक्षकार एम सिद्दीकी के कानूनी वारिस और उत्तर प्रदेश जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना सैयद अशहाद रशीदी ने 217 पन्नों की याचिका में मांग की कि संविधान पीठ के आदेश पर नौ नवंबर तक अंतरिम रोक लगाई जाए, जिसमें कोर्ट ने विवादित जमीन को राम मंदिर के पक्ष राय दी थी और केंद्र को ट्रस्ट गठित करने का निर्देश दिया था। याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने 1934, 1949 और 1992 में मुसलिम समुदाय के साथ हुई ना-इंसाफी को गैरकानूनी करार दिया, लेकिन उसे नजरअंदाज भी कर दिया। पूर्ण न्याय तभी होता जब मस्जिद का पुनर्निर्माण होगा। उनका तर्क है कि सुप्रीम कोर्ट ने मान लिया कि 1528 से 1856 तक वहां नमाज न पढ़ने के साक्ष्य सही है। याचिका में कहा गया कि माननीय अदालत ने अपने फैसले में मस्जिद ढहाए जाने को दोषपूर्ण कृत्य करार दिया था। इसके बावजूद फैसला पूरी तरह से हिंदू पक्षकारों की ओर गया है।

इनका कहना है

फाइल फोटो

अयोध्या फैसले के बाद सुन्नी वक्फ बोर्ड की बैठक

मुसलिम पक्ष का यह अधिकार है कि वह पुनर्विचार याचिका दाखिल करें। यह मसला अब खत्म हो चुका है, इसलिए मेरा उनसे कहना है कि वे अपने फैसले (पुनर्विचार याचिका दाखिल करने) पर फिर से सोचें। दोनों पक्षों ने अयोध्या फैसले को स्वीकार किया है।
-श्री श्री रविशंकर, अध्यात्मिक गुरु

मुल्क के 99 फीसद मुसलमान यह चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाए। अगर यह समझा जा रहा है कि बहुत बड़ा तबका इस याचिका के विरोध में है, तो यह गलतफहमी है। हमें आशंका है कि हमारी याचिका ठुकरा दी जाएगी, मगर इसका मतलब यह नहीं है कि हम इसे पेश भी न करें।
-मौलाना वली रहमानी, महासचिव, ऑल इंडिया मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड

अयोध्या सांप्रदायिक विषय नहीं है बल्कि एक संवैधानिक अधिकार की लड़ाई है जिसको कानून के दायरे में आगे ले जाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इस पर और राजनीति नहीं हो सकेगी। संवैधानिक अधिकार के लिए पुनर्विचार याचिका जायज है।
-जफरयाब जिलानी, बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के वकील

मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड

इस मामले में ऑल इंडिया मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड भी अदालत जाएगा। बोर्ड इस मामले में पक्षकार नहीं था, फिर भी वो देश के मुसलमानों की तरफ से ऐसा करने जा रहा है। बोर्ड के वकील जफरयाब जिलानी के मुताबिक, इसे नौ दिसंबर से पहले किसी भी दिन दाखिल किया जा सकता है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का कहना है कि उसे बाबरी मस्जिद के बदले दूसरी जगह पांच एकड़ जमीन मंजूर नहीं है। मुसलमान पक्ष मस्जिद की जमीन के लिए कोर्ट नहीं गए थे। उन्हें वही जमीन चाहिए जहां बाबरी मस्जिद बनी थी। विश्व हिंदू परिषद और भाजपा के कुछ नेताओं ने मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड के फैसले पर सवाल उठाया है और इसे राजनीति से प्रेरित और माहौल खराब करने की कोशिश बताया है।

सुन्नी वक्फ बोर्ड व अन्य

सुन्नी वक्फ बोर्ड ने पहले ही साफ कर दिया था कि अयोध्या पर उसे सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वीकार है। 26 नवंबर को लखनऊ में हुई बैठक में बहुमत से इस निर्णय पर मुहर लगा दी जा चुकी है। दूसरे मुसलिम पक्षकारों ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मान लिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि दो धड़े क्यों विरोध में हैं और इससे क्या हासिल होगा?

मुसलिम बुद्धिजीवी

अभिनेता नसीरूद्दीन शाह और शबाना आजमी समेत देश भर की 100 जानी-मानी मुसलिम शख्सियतें अयोध्या पर आए सुप्रीम कोर्ट फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका का विरोध कर चुकी हैं। इन शख्सियतों ने कहा है कि रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले के कुछ पक्षकारों का याचिका दायर करने का फैसला विवाद को जिंदा रखेगा और मुसलिम कौम को नुकसान पहुंचाएगा। इसमें इस्लामी विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता, वकील, पत्रकार, कारोबारी, शायर, अभिनेता, फिल्मकार, थिएटर कलाकार, संगीतकार और छात्र शामिल हैं। इनके बयान में कहा गया है, 'हम इस तथ्य पर भारतीय मुसलिम समुदाय, संवैधानिक विशेषज्ञों और धर्मनिरपेक्ष संगठनों की नाखुशी को साझा करते हैं कि देश की सर्वोच्च अदालत ने अपना निर्णय करने के लिए कानून के ऊपर आस्था को रखा है।' बयान पर दस्तखत करने वालों में शाह, आजमी, फिल्म लेखक अंजुम राजबली, पत्रकार जावेद आनंद समेत अन्य शामिल हैं।

व्यक्तित्व

षंजना थम्मा : तीन साल की 'सुपर कंप्यूटर'

जनसत्ता संवाद

जिस उम्र में बच्चे ठीक से बोलना और पेंसिल पकड़ना तक नहीं जानते उस उम्र में मध्य प्रदेश की षंजन थम्मा नए-नए रेकॉर्ड बना रही है। उज्जैन निवासी षंजना थम्मा महज तीन साल की हैं। नन्हीं षंजना के नाम दोनों हाथों से लिखने का रेकॉर्ड है और बहुत जल्द उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज होने वाला है। षंजना थम्मा दुनिया में सबसे कम उम्र में 'यंगेस्ट एक्टिवट्रेक्स्ट्रस राइटर' के रूप में वर्ल्ड रेकॉर्ड बना चुकी हैं। षंजना महज दस माह की उम्र से ही लिखती है। इस उम्र में ज्यादातर बच्चे अपनी तोतली आवाज में बोलने और नन्हें कदमों से चलने की कोशिश करते हैं उस उम्र से षंजना एक हाथ से नहीं बल्कि दोनों हाथों से लिखने की कला जानती है। देश की इस नन्हीं प्रतिभा को लोग 'सुपर कंप्यूटर' भी कहने लगे हैं।

हाल ही में इस नन्हीं प्रतिभा से मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुलाकात की। षंजना थम्मा से हुई भेंट की तस्वीर मुख्यमंत्री दफ्तर के ट्विटर हैंडल से जारी की गई थी। षंजना अपनी मां मानसी थम्मा और नाना रमेश चंद्र शर्मा के साथ मुख्यमंत्री से मिलने उनके दफ्तर आई थीं। षंजना जैसे ही कक्ष में दाखिल हुईं, मुख्यमंत्री ने गर्मजोशी के साथ उनसे हाथ मिलाया। षंजना से उन्होंने सवाल किया कि उसे कौन-कौन से मेडल प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ने उसकी एक-एक उपलब्धि को देखा। मुख्यमंत्री ने षंजना को फूलों का गुलदस्ता और एक प्रशंसा पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा 'धन्य है हमारा प्रदेश, जहां इतनी अद्वितीय प्रतिभाएं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभाओं का प्रदेश हित में प्रेरणा के रूप में उपयोग करेंगे।' मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान षंजना की मां मानसी ने बताया कि जब वह दस माह की थी तभी से दोनों हाथों से लिखती है। उसे इसी उम्र से एक से दस तक की गिनती भी याद थी। बहुमुखी प्रतिभा की धनी षंजना को दुनिया के 235 देशों और उनकी राजधानी के नाम मुंह जबानी याद हैं। उसके उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उसकी मां मानसी ने बताया कि उसे विज्ञान, राजनीति और दुनिया के भूगोल की गहरी समझ और जानकारी है। षंजना का पहला रेकॉर्ड दो साल 11 माह में बना था, जब वह दोनों हाथों से लिखने लगी थी। उसका दूसरा रेकॉर्ड भी इसी उम्र में बना था, यह रेकॉर्ड कम उम्र में राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रीय गान के साथ ही सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान उसे पूरा याद होने के कारण बना। उसे 'वर्ल्ड रेकॉर्ड ऑफ इंडिया' और 'एशिया बुक ऑफ रेकॉर्ड' मिल चुका है। षंजना की मां के अनुसार, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने की अंतिम प्रक्रिया चल रही है। षंजना की अपनी खुद की 250 किताबों की लाइब्रेरी है। षंजना नर्सरी में पढ़ती है, लेकिन उसे नौंवी कक्षा तक का पूरा ज्ञान है। उसकी मां ने बताया कि इतनी कम उम्र में भी वह चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग को देखने के लिए रातभर जग रही थीं। षंजना की मां मानसी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और पिता श्रीधर थम्मा वायुसेना में हैं। फिलहाल षंजना की मां ने बेटी की प्रतिभा को आगे बढ़ाने का जिम्मा उठाया है। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और बीएड कर रही हैं, ताकि वह खुद ही बेटी को पढ़ा सकें।

www.readwhere.com